उद्योग	**1083**	**2489**	**7461**	**11033**

* सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बाद कार्यालय खोले गए।

डाटा वित्त मंत्रालय द्वारा स्थानों में से एचआरए वर्गीकरण पर आधारित है।.

महानगर : दिल्ली, मुम्बई, चैन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरू

शहरी : एचआरए वर्गीकरण के अनुसार ए, बी–1 तथा बी–2 क्षेत्री शहर

अवर्गीकृत : बाकी स्थान

भारत के बाहर स्थित एक कार्यालय शामिल नहीं है।

भारत के बाहर स्थित दो कार्यालय शामिल नहीं है।

चार्ट I.11
जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या



चार्ट I.12 : कार्यालयों का भौगोलिक वितरण – निजी क्षेत्र



चार्ट I.13 : कार्यालयों का भौगोलिक वितरण – एलआईसी



चार्ट I.14 : कार्यालयों का भौगोलिक वितरण – उद्योग



गैर–जीवन बीमा

I.3.33 31 मार्च 2015 तक देश में 28 सामान्य बीमा कंपिनयों को गैर–जीवन बीमा व्यापार करने हेतु पंजीकृत किया गया। इनमें से 6 सार्वजनिक क्षेत्र में हैं जबकि अन्य निजी क्षेत्र से संबंधित हैं। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं में से 5 बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य रोग में संचालन के लिए पंजीयन प्राप्त हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपिनयों में 4 बीमा कंपनियां बहु आयामी प्रचालन चलाती हैं। उनमें दो विशिष्ट बीमा कंपनियां भी हैं, जिनमें से एक क्रेडिट बीमा (ईसीजीसी) और दूसरी फसल बीमा (एआईसी) का काम करती है।

प्रीमियम :

I.3.34 गैर–जीवन बीमा उद्योग ने 2013–14 में ₹. 77553.80 करोड़ की तुलना में 2014–15 में ₹ 84684 करोड़ कुल प्रीमियम एकत्र किया। इस प्रकार उसने पिछले वर्ष 12.13 प्रतिशत के मुकाबले इस वर्ष 9.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने 2014–15 में 10.23 प्रतिशत वृद्धि हासिल की, जो पिछले वर्ष 10.21 प्रतिशत थी। निजी साधारण बीमाकर्ताओं ने पिछले वर्ष 14.52 प्रतिशत की तुलना में 9.62 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की।

तालिका I.21
भारत में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय : गैर–जीवन बीमाकर्ता

(₹. करोड़)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
सार्वजनिक क्षेत्र बीमाकर्ता	38599.71	42549.48
	(10.21)	(10.23)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	32010.30	35090.09
	(14.52)	(9.62)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	2245.05	2942.61
	(30.06)	(31.07)
विशिष्ट बीमाकर्ता	4698.74	4102.10
	(5.48)	(-12.7)
कुल योग	**77553.80**	**84684.28**
	(12.15)	**(9.19)**

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े गत वर्ष की तुलना में प्रतिशत में वृद्धि दर्शाते हैं।

चार्ट **I.15** : भारत में गैर जीवन बीमाकर्ताओं की सकल प्रीमियम आय



I.3.35 निजी क्षेत्र के 22 बीमाकर्ताओं (स्वास्थ्य बीमा व्यापार करने वाले बीमाकर्ताओं सहित) द्वारा 2014–15 में एकत्रित प्रीमियम पिछले वर्ष 2013–14 में ₹ 34255 करोड़ के मुकाबले ₹ 38033 करोड़ था। आईसीआईसीआई लोंबार्ड लगातार सबसे बड़ी गैर जीवन बीमा कंपनी बनी रही उसका बाजार अंश चालू वर्ष में 7.89 प्रतिशत रहा। 2013–14 में उसने 8.84 प्रतिशत का मार्केट शेयर हासिल किया। बजाज आलियांज गैर बीमा क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बनकर उभरी, उसने ₹ 5230 करोड़ का प्रीमियम एकत्रित किया, इसने 2013–14 में 5.82 प्रतिशत से बढ़कर पुनरावलोकन वर्ष में 6.18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। 22 निजी बीमाकर्ताओं में से जोकि 2014–15 में प्रचलन में थे, 19 बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2014–15 में प्रीमियम एकत्र

करने में वृद्धि दर्ज की है। 2014–15 में आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने प्रीमियम में कमी दर्ज की। (तालिका I.22)

I.3.36 सार्वजनिक क्षेत्र के गैर जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में सभी 4 कंपनियों ने प्रीमियम संचयन में वृद्धि के साथ अपनी कंपनियों का विस्तार किया। फिर भी सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी को पिछले वर्ष की अपेक्षा कमी झेलनी पड़ी। ओरियंटल का मार्केट शेयर गत वर्ष के 9.19 प्रतिशत की तुलना में घटकर 8.75 प्रतिशत हो गया। फिर भी न्यू इंडिया का मार्केट शेयर गत वर्ष 14.88 से बढ़कर 2014–15 में 15.60 प्रतिशत हो गया, नेशनल इंश्योरेंस का 13.18 से बढ़कर 2014–15 में 13.28 और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस का 12.52 से बढ़कर 2014–15 में 12.62 प्रतिशत हो गया। ₹ 13209 करोड़ का प्रत्यक्ष बीमा प्राप्त कर न्यू इंडिया एक बार फिर भारत की विशालतम साधारण बीमा कंपनी के रूप में बरकरार रही।

चार्ट **I.16** : गैर जीवन बीमाकर्ताओं की सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम – 5 वर्ष



तालिका I.22 :
भारत में सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय :
गैर–जीवन बीमाकर्ता–कंपनी अनुसार

(₹ लाख)

	कुल प्रीमियम		बाजार अंश (प्रतिशत)	
	2013-14	**2014-15**	**2013-14**	**2014-15**
सार्वजनिक क्षेत्र बीमाकर्ता				
नेशनल	1022288	1124189	13.18	13.28
न्यू इंडिया	1154006	1320939	14.88	15.60
ओरियंटल	712785	740794	9.19	8.75
यूनाइटेड	970893	1069026	12.52	12.62
उप योग	**3859972**	**4254948**	**49.77**	**50.24**
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता				
रॉयल सुन्दरम	143704	156920	1.85	1.85
रिलायंस	238882	271584	3.08	3.21
इफको–टोक्यो	293092	332997	3.78	3.93
टाटा एआईजी	236271	271414	3.05	3.21
आईसीआईसीआई लोंबार्ड	685616	667780	8.84	7.89
बजाज आलियांज	451645	522985	5.82	6.18
चोला मंडलम	185511	189043	2.39	2.23
एचडीएफसी इरगो	290699	318221	3.75	3.76
फ्यूचर जनरली	126256	143825	1.63	1.70
यूनिवर्सल सोम्पो	54045	70111	0.70	0.83
श्रीराम	151059	149652	1.95	1.77
भारती एक्सा	142316	145707	1.84	1.72
रहेजा क्यूबीई	2324	2163	0.03	0.03
एसबीआई	118757	157690	1.53	1.86
एल एण्ड टी	25378	33171	0.33	0.39
मैग्मा एचडीआई	42493	47360	0.55	0.56
लिबर्टी वीडियाकोन	12982	28386	0.17	0.34
उप योग	**3201030**	**3509009**	**41.27**	**41.44**
स्वास्थ्य बीमाकर्ता				
अपोलो म्यूनिच	69247	80313	0.89	0.95
सिग्ना टीटीके	34	2183	0.00	0.03
मैक्स बुपा	30885	37266	0.40	0.44
रेलीगेयर	15231	27580	0.20	0.33
स्टार हेल्थ	109108	146919	1.41	1.73
उप योग	**224505**	**294261**	**2.89**	**3.47**
विशिष्ट बीमाकर्ता				
ईसीजीसी	130373	136240	1.68	1.61
एआईसी	339501	273970	4.38	3.24
उप योग	**469874**	**410210**	**6.06**	**4.84**
कुल योग	**7755381**	**8468428**	**100.00**	**100.00**

घटकवार प्रीमियम

I.3.37 मोटर बीमा व्यापार खण्ड में 44.14 प्रतिशत अंश के साथ सबसे बड़ा गैर जीवन बीमा क्षेत्र बना रहा (2013–14 में 43.61 प्रतिशत)। उसने 10.52 प्रतिशत (2013–14 में 14.15 प्रतिशत) की वृद्धि हासिल की। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रीमियम प्राप्ति 2013–14 के ₹ 19634 करोड़ के मुकाबले 2014–15 में ₹ 22636 करोड़ रहा। इस प्रकार उस क्षेत्र ने 15.29 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। यद्यपि स्वास्थ्य क्षेत्र का मार्केट शेयर जोकि 25.32 प्रतिशत था वह मामूली बढ़त के साथ 26.73 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2014–15 में अग्नि से प्रीमियम संग्रह में 9.42 प्रतिशत की वृद्धि और समुद्री क्षेत्रों के लिए 4.48 प्रतिशत कमी आई है। जबकि पिछले वर्ष अग्नि और समुद्री क्षेत्रों में वृद्धि क्रमशः 11.04 प्रतिशत और 4.13 प्रतिशत थे।

तालिका I.23 : गैर–जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम अंकित प्रीमियम (भारत में) – घटक के अनुसार

(₹ करोड़)

विभाग	2013-14	2014-15
अग्नि	7363	8057
	(9.49)	(9.51)
समुद्री	3162	3020
	(4.08)	(3.57)
मोटर	33823	37379
	(43.61)	(44.14)
स्वास्थ्य	19634	22636
	(25.32)	(26.73)
अन्य	13572	13592
	(17.50)	(16.05)
कुल प्रीमियम	**77554**	**84684**

टिप्पणी : 1. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े (प्रतिशत में) घटकवार प्रीमियम का अनुपात दर्शाते हैं।

2. उपरोक्त आंकड़ों में विशिष्ट बीमा कम्पनियां और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कम्पनियां शामिल हैं।

चार्ट I.17 : गैर जीवन बीमाकर्ताओं की घटकवार प्रीमियम



भारत के बाहर जोखिम अंकित प्रीमियम

I.3.38 सभी सार्वजनिक बीमाकर्ता (यूनाइटेड इंडिया के अतिरिक्त) भारत के बाहर भी, गैर जीवन बीमा व्यापार संचालित कर रहे हैं। यूनाइटेड इंडिया ने 2003–04 में, भारत के बाहर के प्रचालनों को बंद कर दिया था। तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं द्वारा देश के बाहर 2014–15 में कुल प्रीमियम ₹ 2466 करोड़ अंतर्लिखित की गई थी जबकि 2013–14 में ₹ 2380 करोड़ थी। इसमें इन कंपनियों ने पिछले वर्ष के 16.13 प्रतिशत के मुकाबले 3.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। देश के बाहर एकत्रित प्रीमियम गैर जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा एकत्रित कुल प्रीमियम का 2.83 प्रतिशत है।

तालिका I.24
कुल प्रीमियम में भारत से बाहर के प्रीमियम का अनुपात

(प्रतिशत में)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
नेशनल	0.37	0.36
न्यू इंडिया	15.94	14.67
ओरियंटल	2.12	2.04
यूनाइटेड	0.00	0.00

I.3.39 न्यू इंडिया देश के बाहर प्रीमियम उगाने वाली सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी है। इसके द्वारा 2014–15 में विदेशों में कुल प्रीमियम का 14.67 प्रतिशत भाग उगाया गया, जो 2013–14 में 15.94 प्रतिशत की अपेक्षा बहुत कम है। ओरियंटल के मामले में भारत के बाहरी देशों में उगाया जाने वाला प्रीमियम 2014–15 में 2.04 प्रतिशत था जो 2013–14 में 2.12 प्रतिशत आंशिक तौर पर कम था। नेशनल इंश्योरेंस द्वारा समुद्र पार व्यापार में 2014–15 में 0.36 प्रतिशत का छोटा संघटक चलाया गया जो 2013–14 में 0.37 प्रतिशत से कुछ बढ़कर था।

I.3.40 वर्ष 2014–15 में देश के बाहर उगाए गए कुल प्रीमियम ₹ 2466 करोड़ में से, न्यू इंडिया ने ₹ 2271 करोड़ (2013–14 में ₹ 2188 करोड़) के उच्च प्रीमियम की उगाही की। उसका भारत के बाहर का कुल प्रीमियम 2013–14 में 91.90 प्रतिशत के मुकाबले 2014–15 में 92.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नेशनल ने 2014–15 में ₹ 41 करोड़ (2013–14 में ₹ 38 करोड़) का प्रीमियम अर्जित किया। ओरियंटल इंश्योरेंस द्वारा उगाहा गया समुद्रपारीय प्रीमियम ₹ 154 करोड़ था जो पिछले वर्ष ₹ 155 करोड़ की तुलना में 0.47 प्रतिशत की गिरावट था। (तालिका 1.25)

तालिका I.25
भारत के बाहर हुए व्यवसाय से प्राप्त सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम : गैर–जीवन बीमाकर्ता

(₹ लाख)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
नेशनल	3810	4073
	(31.87)	(6.90)
न्यू इंडिया	218755	227095
	(19.18)	(3.81)
ओरियंटल	15470	15398
	-(16.50)	-(0.47)
यूनाइटेड	00.0	0.00
कुल	**238035**	**246566**

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े, गतवर्ष की तुलना में वृद्धि प्रतिशत में दर्शाते हैं।

जारी पॉलिसियों की संख्या

I.3.41 गैर–जीवन बीमाकर्ताओं ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 1182.79 लाख पॉलिसियां जारी कीं जबकि 2013–14 में उन्होंने 1024.52 लाख पॉलिसियां जारी कीं। इस प्रकार उन्होंने 2013–14 के मुकाबले 15.44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। सार्वजनिक क्षेत्रों के बीमाकर्ताओं ने जारी की जाने वाली पॉलिसियों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की। 2014–15 वित्त वर्ष के दौरान जारी की जाने वाली पॉलिसियों की संख्या में 12. 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2013–14 में 12.99 प्रतिशत की गिरावट हुई। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने जारी पॉलिसियों की संख्या में 2014–15 के दौरान 18.96 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की (वित्त वर्ष 2013–14 में 11.54 प्रतिशत)।

तालिका I.26
जारी नई पॉलिसियों की संख्या : गैर–जीवन बीमाकर्ता*

(₹ लाख में)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
	600.06	677.82
सार्वजनिक क्षेत्र	(-12.99)	(12.95)
निजी क्षेत्र	424.47	504.97
	(11.54)	(18.96)
कुल	**1024.52**	**1182.79**
	(-4.27)	**(15.44)**

*स्टैंडअलोन निजी स्वास्थ्य और विशेष बीमा कंपनियों को छोड़कर।
टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े, गतवर्ष की तुलना में वृद्धि प्रतिशत में दर्शाते हैं।.

प्रदत्त पूंजी

I.3.42 गैर जीवन बीमाकर्ताओं की कुल प्रदत्त पूंजी 31 मार्च 2014 तक ₹ 10240 करोड़ थी। 2014–15 के दौरान गैर–जीवन बीमाकर्ताओं ने अपने ईक्विटी पूंजी आधार में ₹ 1264 करोड़ की वृद्धि की। सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने कोई अतिरिक्त पूंजी ₹ 50 करोड़ जोड़ी जबकि विशिष्ट संस्थान ईसीजीसी ने ₹ 100 करोड़ की पूंजी जोड़ी। निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं द्वारा ₹ 746 करोड़ की अतिरिक्त पूंजी प्रदान की गई। स्वास्थ्य क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने ₹ 368 करोड़ की पूंजी निवेश की। ₹ 100 करोड़ की पूंजी सिग्ना टीटीके ने स्वास्थ्य बीमा कंपनी द्वारा प्रदान की गई जबकि प्रारंभिक पूंजी विनियमों के तहत निर्धारित थी।

जोखिम अंकन अनुभव

I.3.43 गैर जीवन बीमा कंपनियों की हानियाँ गत वर्ष ₹ 7641 करोड़ के मुकाबले 2014–15 में बढ़कर ₹ 10127 करोड़ हो गई। हानियों का बीमाकरण गत वर्ष की तुलना में 32.54 प्रतिशत अधिक था। सार्वजनिक क्षेत्रों के बीमाकर्ताओं की हानियाँ 2013–14 में ₹ 5379 से बढ़कर 2014–15 में ₹ 6592 करोड़ होकर 22.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निजी क्षेत्रों के बीमाकर्ताओं की हानियाँ 2013–14 में ₹ 1810 करोड़ से बढ़कर 2014–15 में ₹ 2495 करोड़ वृद्धि हुई। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता की

तालिका I.27
प्रदत्त पूंजी : गैर जीवन बीमाकर्ता तथा पुनर्बीमाकर्ता*

(रू. करोड)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
गैर जीवन		
सार्वजनिक क्षेत्र	600	650
निजी क्षेत्र	6226	6972
विशिष्ट बीमाकर्ता		
ईसीजीसी	1100	1200
एआईसी	200	200
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता		
स्टार हेल्थ	334	362
अपोलो म्यूनिच	331	349
मैक्स बुपा	669	791
रेलीगेयर हेल्थ	250	350
सिग्ना टीटीके	100	200
पुनर्बीमाकर्ता		
जीआईसी	430	430
कुल	**10240**	**11504**

टिप्पणी :* शेयर प्रीमियम और शेयर आवेदन मुद्रा को छोड़कर।

हानियाँ 2013–14 में ₹ 547 करोड़ से बढ़कर 2014–15 में ₹ 611 करोड़ की हुई। इसी प्रकार विशिष्ट बीमाकर्ताओं ने जोखिमांकन हानियों में 2013–14 में ₹ 95 करोड़ की तुलना में 2014–15 में ₹ 428 करोड़ की वृद्धि दर्ज की।

गैर–जीवन बीमाकर्ता के व्यय

I.3.44 सार्वजनिक बीमाकर्ता, निजी गैर–बीमाकर्ता, स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ता और विशिष्ट बीमाकर्ता के कमीशन संबंधी व्यय 2014–15 के लिए क्रमशः ₹ 3105 करोड़, ₹ 1761 करोड़, ₹ 1028 करोड़ और ₹ 34 करोड़ था, जो समेकित रूप से, गैर–जीवन बीमा उद्योग के कुल व्यय का ₹ 5928 करोड़ था। हेल्थ बीमा क्षेत्र में कमीशन व्यय लगातार बढ़कर ₹ 2554 करोड़ हुआ जो सार्वजनिक क्षेत्र के लिए ₹ 1001 करोड़, निजी क्षेत्र की

कंपनियों के लिए ₹ 526 करोड़ और स्टैंडअलोन हेल्थ बीमा कंपनियों के लिए ₹ 1027 करोड़ था।

I.3.45 कमीशन व्यय और प्रचालन व्यय कुल व्ययों का एक मुख्य भाग होते हैं। गैर–जीवन बीमा कंपनियों के प्रचालन व्यय, 2014–15 में ₹ 20206 करोड़ रहा जोकि 2013–14 में ₹ 16251 करोड़ था। इस प्रकार इस व्यय में 24.34 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली। सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं, निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं और विशिष्ट बीमाकर्ताओं के प्रचालन व्यय में गत वर्ष के मुकाबले क्रमशः 27.19 प्रतिशत, 19.25 प्रतिशत, 31.90 प्रतिशत और 24.91 प्रतिशत की वृद्धि हुई। (तालिका I.30)

तालिका I.28
जोखिम अंकन अनुभव : गैर–जीवन बीमाकर्ता

(₹ करोड)

	2013-14	2014-15
सार्वजनिक क्षेत्र बीमाकर्ता	-5378.66	-6592.47
	(-16.09)	(-17.14)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	-1810.19	-2495.42
	(-8.06)	(-10.23)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	-546.96	-611.00
	(-35.56)	(-28.43)
विशिष्ट बीमाकर्ता	95.01	-428.44
	(3.63)	(-16.77)
कुल	**-7640.81**	**-10127.32**
	(-12.72)	**(-14.99)**

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े निवल अर्जित प्रीमियम का अनुपात दर्शाते हैं।

तालिका I.29
कमीशन व्यय : गैर–जीवन बीमाकर्ता

(₹ करोड)

विभाग	निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता		सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ता		स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता		विशिष्ट बीमाकर्ता		कुल	
	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15
अग्नि	169.27	192.14	494.66	568.04	0.00	0.00	0.00	0.00	663.93	760.18
समुद्री	89.58	99.16	179.66	169.37	0.00	0.00	0.00	0.00	269.24	268.53
मोटर	743.11	716.53	886.24	870.95	0.00	0.00	0.00	0.00	1629.35	1587.48
स्वास्थ्य	370.06	526.02	790.50	1000.52	845.80	1027.49	0.00	0.00	2006.36	2554.03
अन्य	271.63	226.87	518.66	496.23	0.00	0.00	37.10	34.19	827.39	757.29
कुल	**1643.65**	**1760.72**	**2869.72**	**3105.11**	**845.80**	**1027.49**	**37.10**	**34.19**	**5396.27**	**5927.51**

I.3.46 बीमा अधिनियम 1938 की धारा 40सी के अनुसार कोई भी बीमाकर्ता प्रबंधन व्यय के रूप में बीमा नियम 1939 के नियम 17ई के तहत निर्धारित सीमा से अधिक व्यय नहीं कर सकता। इन व्ययों की सीमा निर्धारित करते समय नियम 17ई द्वारा बीमाकर्ता के आकार और आयु को ध्यान में रखा जाता है। प्राधिकरण द्वारा साधारण बीमा परिषद की संस्तुति पर किसी भी वर्ष यह सीमा धारा 64एफ के तहत बढ़ाई जा सकती है।

तालिका I.30
परिचालन व्यय : गैर–जीवन बीमाकर्ता

(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
सार्वजनिक क्षेत्र बीमाकर्ता	8791	11181
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	6312	7527
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	928	1224
विशिष्ट बीमाकर्ता	220	274
कुल	**16251**	**20206**

I.3.47 नियम 17ई के अंतर्गत प्राधिकार ने 22 निजी बीमाकर्ताओं को प्रथम पांच वर्षों के दौरान सीमाओं पर छूट दे रखी है। पांच वित्तीय वर्षों की यह अवधि व्यापार की शुरूआत के प्रथम वर्ष के अतिरिक्त होती है।

I.3.48 वर्ष 2014–15 में 28 गैर–जीवन बीमाकर्ताओं में से (चार सार्वजनिक उपक्रम व दो विशिष्ट संस्थानों सहित) 7 बीमाकर्ता छूट की अवधि में है। जबकि 7 बीमाकर्ताओं को नियम 17 ई की सीमाओं का अनुपालन करना है तथा 14 बीमाकर्ताओं के लिए 17ई के अनुपालन की कोई बाध्यता नहीं होगी।

उपगत दावा अनुपात

I.3.49 गैर जीवन बीमाकर्ताओं के कुल उपगत दावे 2014–15 में ₹ 55232 करोड़ थे जोकि 2013–14 में ₹ 49179 करोड़ थे। इन दावों ने 2014–15 के दौरान 12.31 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई। सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं, निजी क्षेत्र के गैर–जीवन बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं और विशिष्ट बीमाकर्ताओं ने क्रमशः 13.48 प्रतिशत, 8.71 प्रतिशत, 31.55 प्रतिशत और 17.27 प्रतिशत दावों में वृद्धि की। सम्पूर्णतः 2014–15 में उपगत दावों में 12.31 प्रतिशत की वृद्धि पिछले वर्ष के 15.57 प्रतिशत से कम थी।

I.3.50 गैर जीवन बीमा उद्योग के उपगत दावों का अनुपात (निवल उपगत दावे से निवल अर्जित प्रीमियम) 2014–15 में 81.70 प्रतिशत था जो गत वर्ष के 81.98 प्रतिशत से कुछ कम है। सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के इन दावों का अनुपात 2014–15 के लिए 82.09 प्रतिशत था जो गत वर्ष के उपगत दावों के अनुपात 83.20 प्रतिशत से कम था। जबकि 2014–15 के लिए निजी क्षेत्र के गैर जीवन बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं और विशिष्ट बीमाकर्ताओं के उपगत दावों का अनुपात क्रमशः 79.69 प्रतिशत, 62.18 प्रतिशत और 110.68 प्रतिशत था जो गत वर्ष क्रमशः 79.58 प्रतिशत, 66.06 प्रतिशत और 96.69 प्रतिशत था।

तालिका I.31
वहन किए गए निवल दावे : गैर जीवन बीमाकर्ता
(₹ करोड़)

बीमाकर्ता	**2013-14**	**2014-15**
सार्वजनिक क्षेत्र बीमाकर्ता	27817.96	31567.75
	(11.00)	(13.48)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	17874.11	19430.46
	(22.74)	(8.71)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	1016.03	1336.62
	(50.93)	(31.55)
विशिष्ट बीमाकर्ता	2470.52	2897.21
	(9.44)	(17.27)
कुल योग	**49178.62**	**55232.04**
	(15.57)	(12.31)

टिप्पणीः कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े संबंधित क्षेत्र की वृद्धि प्रतिशत में दर्शाते हैं।

I.3.51 विभिन्न क्षेत्रों में से हेल्थ इंश्योरेंस और मोटर इंश्योरेंस के दावों का अनुपात सबसे अधिक क्रमशः 96.93 प्रतिशत और 77.14 प्रतिशत था। पिछले वर्ष के अनुपात 79.50 प्रतिशत से मोटर क्षेत्र के दावों का अनुपात 2014–15 में घटकर 77.14 प्रतिशत हो गया। फिर भी अन्य क्षेत्रों के उपगत दावों का अनुपात पिछले वर्ष 72.96 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 73.91 हो गया। इसी प्रकार अग्नि क्षेत्र के दावे गत वर्ष के 76.54 से घटकर 73.78 हो गए। वर्ष 2014–15 में सभी खण्डों में सामूहिक रूप से देखें तो उपगत दावा अनुपात 100 प्रतिशत से कम था। (तालिका I.32)

निवेश आय : गैर–जीवन बीमाकर्ता

I.3.52 वर्ष 2014–15 के दौरान सभी गैर–जीवन बीमाकर्ताओं की निवेश आय ₹ 16767 करोड़ (2013–14 में ₹ 14319 करोड़) थी जो गत वर्ष के 15.24 प्रतिशत के मुकाबले 17.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। संदर्भाधीन वर्ष में स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं की निवेश आय बढ़कर 34.98 प्रतिशत और बाद में निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं और विशिष्ट बीमाकर्ताओं की निवेश आय क्रमशः

तालिका I.32

वहन किए निवल दावों का अनुपात : गैर जीवन बीमाकर्ता

(प्रतिशत में)

विभाग	निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता		सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ता		स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ता		विशिष्ट बीमाकर्ता		कुल	
	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15	2013-14	2014-15
अग्नि	80.39	75.21	55.45	66.19	-	-	-	-	76.54	73.78
समुद्री	59.30	57.80	71.24	87.38	-	-	-	-	63.37	67.44
मोटर	77.51	72.38	81.40	81.91	-	-	-	-	79.50	77.14
स्वास्थ्य	106.19	109.97	87.62	79.17	66.06	62.18	-	-	97.05	96.93
अन्य	64.55	55.97	63.00	60.61	-	-	96.69	110.68	72.96	73.91
कुल	**83.20**	**82.09**	**79.58**	**79.69**	**66.06**	**62.18**	**96.69**	**110.68**	**81.98**	**81.70**

23.91 और 14.77 प्रतिशत थी। वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं की आय में 14.17 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

तालिका I.33

निवेश आय : गैर जीवन बीमाकर्ता

(रू. करोड़)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
सार्वजनिक क्षेत्र	9394.29	10725.02
	(9.08)	(14.17)
निजी क्षेत्र	3979.64	4931.01
	(32.09)	(23.91)
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	132.29	178.56
	(41.74)	(34.98)
विशिष्ट बीमाकर्ता	812.69	932.75
	(15.00)	(14.77)
कुल योग	**14319**	**16767**
	(15.24)	**(17.10)**

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े संबंधित क्षेत्र की वृद्धि दर (प्रतिशत में) दर्शाते हैं।

गैर जीवन बीमाकर्ताओं के निवल लाभ

I.3.53 वर्ष 2014–15 के दौरान गैर जीवन बीमा उद्योग का निवल लाभ 2013–14 में ₹ 4649 करोड़ की तुलना में ₹ 4639 करोड़ था। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने ₹ 3094 करोड़ का लाभ अर्जित किया जबकि निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं ने ₹ 1644 करोड़ और विशिष्ट बीमाकर्ताओं ने ₹ 348 करोड़ का निवल लाभ दर्ज कराया जबकि स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं ने ₹ 447 करोड़ की निवल हानि दर्ज की।

I.3.54 सभी 4 सार्वजनिक बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2014–15 में निवल लाभ अर्जित किया। न्यू इंडिया ने पिछले वर्ष के निवल लाभ ₹ 1089 करोड़ के मुकाबले 2014–15 में ₹ 1431 करोड़ का लाभ प्राप्त किया और 31.40 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। नेशनल का निवल लाभ गत वर्ष के ₹ 823 करोड़ से बढ़कर ₹ 970 करोड़ हो गया जो पिछले वर्ष के मुकाबले 17.86 अधिक था। ओरियंटल 2014–15 में ₹ 392 करोड़ का लाभ कमाया जो 2013–14 में ₹ 460 करोड़ के मुकाबले 14.78 प्रतिशत कम था। यूनाइटेड इंडिया ने 2013–14 के ₹ 528 करोड़ की तुलना में 2014–15 में ₹ 301 करोड़ था जो 42.99 प्रतिशत कम था।

I.3.55 17 निजी बीमा कंपनियों में से 13 कंपनियों का लाभ दर्ज किया जबकि 4 कंपनियों ने 2014–15 में निवल हानियां झेली। वर्ष 2014–15 में बजाज आलियांज को 2013–14 में ₹ 409 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में ₹ 562 करोड़ का निवल लाभ हुआ। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का निवल लाभ 2014–15 में ₹ 536 करोड़ था जबकि 2013–14 में ₹ 511 करोड़ निवल लाभ कमाया था। निवल हानि अर्जित करने वाले 4 बीमाकर्ता थे – एबीआई जनरल, भारती एक्सा, एल एण्ड टी जनरल और लिबर्टी वीडियोकोन। सभी स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं अपोलो म्यूनिक को छोड़कर वर्ष 2014–15 में हानि दर्ज की जबकि वर्ष 2013–14 में सभी स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ताओं ने निवल हानि दर्ज की। अपोलो म्यूनिक ने 2014–15 में ₹ 0.66 करोड़ का निवल लाभ कमाया। दोनों विशिष्ट बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2014–15 में निवल लाभ कमाया।

अंशधारकों को प्रतिफल

I.3.56 4 सार्वजनिक क्षेत्र की गैर–जीवन बीमा कंपनियों में से न्यू इंडिया ने 2014–15 में ₹ 300 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया जो पिछले वर्ष यानि 2013–14 में ₹ 220 करोड़ था। नेशनल इंश्योरेंस ने वर्ष 2014–15 में ₹ 193.53 करोड़ लाभांश का भुगतान किया जबकि 2013–14 में यह राशि ₹ 164.66 करोड़ थी। ओरियंटल इंश्योरेंस ने गत वर्ष के ₹ 108 करोड़ की तुलना में 2014–15 में ₹ 110 करोड़ का लाभांश दिया। यूनाइटेड इंडिया ने 2013–14 के ₹ 106 करोड़ की तुलना में 2014–15 में ₹ 61 करोड़ का लाभांश भुगतान किया।

निजी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं में से वर्ष 2014–15 में 4 लाभांश भुगतान किए। टाटा एआईजी ने ₹ 37.88 करोड़, एचडीएफसी अरगो ने ₹ 40.40 करोड़ का लाभांश, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने ₹ 89.12 करोड़ का लाभांश भुगतान किया और श्रीराम जनरल ने ₹ 43.62 करोड़ का लाभांश भुगतान किया।

I.3.57 जीआईसी द्वारा गत वर्ष के ₹ 449.35 करोड़ के मुकाबले 2014–15 में ₹ 540 करोड़ का लाभांश भुगतान किया। ईसीजीसी ने वर्ष 2013–14 के दौरान ₹ 88 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2014–15 में ₹ 48 करोड़ ही लाभांश भुगतान किया। वर्ष 2014–15 में एआईसी द्वारा रू. 20 करोड़ लाभांश दिया गया जबकि पिछले वर्ष शून्य था।

तालिका I.34
निवल लाभ/हानियाँ : गैर जीवन बीमाकता

(₹ लाख)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
सार्वजनिक क्षेत्र	289976	309399
निजी क्षेत्र	153914	164351
स्टैंडअलोन हेल्थ बीमाकर्ता	-40310	-44651
विशिष्ट बीमाकर्ता	61326	34814
कुल	**464906**	**463913**

तालिका I.35
प्रदत्त लाभांश : गैर–जीवन बीमाकर्ता

(₹ करोड)

बीमाकर्ता	2013-14	2014-15
गैर–जीवन		
सार्वजनिक क्षेत्र	599	665
निजी क्षेत्र	77	211
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	**0**	**0**
विशिष्ट बीमाकर्ता		
ईसीजीसी	88	48
एआईसी	0	20
पुनर्बीमा		
जीआईसी	449	540
कुल	**1213**	**1484**

कार्यालयों की संख्या – गैर जीवन बीमाकर्ता

I.3.58 31 मार्च 2015 तक गैर बीमा कंपनियां देश भर में 10,407 कार्यालयों के माध्यम से कार्यरत थी जिनमें से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां तथा निजी क्षेत्र की कंपनियां क्रमशः 8,207 और 2,200 कार्यालयों में अपना काम प्रचालित कर रही थीं।

तालिका I.36
गैर जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या
(31 मार्च की स्थिति)

बीमाकर्ता	2014	2015
सार्वजनिक क्षेत्र *	7,869	8207
निजी क्षेत्र	2,003	2200
कुल	**9,872**	**10407**

* इनमें विशेषीकृत एआईसी तथा ईसीजीसी शामिल हैं।

तालिका I.37
गैर जीवन कार्यालयों की संख्या – टीयर अनुसार

गैर जीवन बीमाकर्ता	वर्ष	टीयर I	टीयर II	टीयर III	टीयर IV	टीयर V	टीयर VI	कुल
सार्वजनिक क्षेत्र	2014	3747	1361	1257	1298	80	43	7786
	2015	3866	1282	1517	1233	170	52	8120
निजी क्षेत्र	2014	1337	124	147	0	0	0	1608
	2015	1706	28	6	2	0	0	1742
स्टैंडअलोन हेल्थ	2014	394	1	0	0	0	0	395
	2015	255	203	0	0	0	0	458
विशिष्ट बीमाकर्ता	2014	82	1	0	0	0	0	83
	2015	87	0	0	0	0	0	87
कुल	**2014**	**5560**	**1487**	**1404**	**1298**	**80**	**43**	**9872**
	2015	**5914**	**1513**	**1523**	**1235**	**170**	**52**	**10407**

चार्ट I.18 2014–15 के लिए टीयर वार गैर जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या



जिला स्तरीय व्याप्ति

I.3.59 जीवन बीमा की तुलना में गैर जीवन बीमाकर्ताओं के अधीन आने वाले जिलों की संख्या कम है। जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के 4 गैर जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालय, 640 जिलों में से 606 जिलों में स्थित हैं (94.68 प्रतिशत) जबकि निजी क्षेत्र के बीमाकर्ता मात्र 285 जिलों में ही अपने कार्यालय स्थापित कर पाए हैं। भारत में ऐसे 34 जिले हैं (जिलों का 5.3 प्रतिशत) जहां किसी गैर जीवन बीमाकर्ता का कार्यालय नहीं है। निजी क्षेत्रों के बीमा कार्यालय, अभी तक 355 जिलों में अपनी शाखाएं नहीं खोल पाए हैं। केवल 23 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों (36 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में से) के सभी जिलों में गैर जीवन बीमा के कार्यालय खुल चुके हैं। यही वजह है कि देश में गैर जीवन बीमाकर्ताओं का उतना व्यापक विस्तार नहीं हो पाया जितना कि जीवन बीमाकर्ताओं का हो पाया है।

विशेषीकृत बीमाकर्ता

ईसीजीसी लि. (पूर्व भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड)

I.3.60 ईसीजीसी एक ऐसी विशिष्ट कंपनी है जो निर्यात ऋण बीमा का जोखिम अंकित करता है। कंपनी ने 2014–15 में ₹ 1362 करोड़ का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम हासिल कर 4.48 प्रतिशत की वृद्धि की जो 2013–14 में ₹ 1304 करोड़ थी। बीमाकर्ता ने गत वर्ष के ₹ 62.62 करोड़ जोखिम अंकित की हानि की तुलना में इस वर्ष ₹ 291.91 करोड़ का जोखिम अंकित लाभ अर्जित किया। बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम गत वर्ष के ₹ 907 करोड़ के मुकाबले इस वर्ष ₹ 1019 करोड़ था। कंपनी का निवल लाभ गत वर्ष में ₹ 365 करोड़ से घटकर ₹ 180 करोड़ हो गया। बीमाकर्ता ने 2014–15 में 114 प्रतिशत (2013–14 में 82.23 प्रतिशत) का उपगत दावा अनुपात अर्जित किया।

I.3.61 कंपनी के पास 11236 अल्पकालिक निर्यात ऋण इंश्योरेंस पॉलिसियां थीं जिन्हें 2014–15 में लागू किया गया (2013–14 में 11109) जिनमें ट्रांसफर गारंटी भी शामिल हैं। वर्ष के दौरान अल्पकालिक पॉलिसियों पर अर्जित प्रीमियम ₹ 383.87 करोड़ (2013–14 में ₹ 389 करोड़) थी। वर्ष के दौरान ईसीआईबी की प्रीमियम आय ₹ 942.29 करोड़ (2013–14 में ₹ 870 करोड़) थी। मध्यम और दीर्घकालिक व्यापार से प्राप्त प्रीमियम आय 2014–15 में ₹ 36.24 करोड़ थी जो 2013–14 में ₹ 45.48 करोड़ थी।

भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड

I.3.62 भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड एक विशेषीकृत बीमाकर्ता है जो कृषि बीमा व्यवसाय में शामिल है। कंपनी ने 2014–15 में ₹ 2740 करोड़ के सकल प्रीमियम का जोखिम अंकित किया जिसमें 19 प्रतिशत की कमी आई जो 2013–14 में ₹ 3395 करोड़ थी। वर्ष 2013–14 के लिए बीमाकर्ता ने ₹ 1648 करोड़ का निवल अर्जित प्रीमियम प्राप्त किया जबकि 2014–15 में यह ₹ 1598 ही रह गया। बीमाकर्ता के जोखिम अंकन लाभ में 2014–15 में ₹ 137 करोड़ हानि हुई जबकि 2013–14 में ₹ 32 करोड़ का लाभ अंकित किया गया। बीमाकर्ता के जोखिम अंकन में 2014–15 में रू. 158 करोड़ हानि हुई जबकि 2013–14 में रू. 32 करोड़ का लाभ अंकित किया गया था। कंपनी का निवल लाभ गत वर्ष ₹ 249 करोड़ से घटकर ₹ 168 करोड़ था। कंपनी का उपगत दावों का अनुपात 2013–14 के 104.65 प्रतिशत से बढ़कर 2014–15 में 108.47 प्रतिशत था।

भारतीय साधारण बीमा निगम

I.3.63 जीआईसी भारत की एकमात्र राष्ट्रीय पुनर्बीमा कंपनी हे जो भारत में प्रत्यक्ष साधारण बीमा कंपनियों को पुनर्बीमा प्रदान करती है। निगम का पुनर्बीमा कार्यक्रम, देश में अधिकतम प्रतिधारण घरेलू बाजार में पर्याप्त क्षमताओं के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह भारतीय मोटर अन्य पक्ष अस्वीकृत जोखिम पूल के प्रशासन का काम भी करती है जो विशिष्ट वाणिज्यों वाहनों के पुनर्बीमा के लिए बनाया गया है तथा जहां पॉलिसी जारी करने वाला सदस्य बीमाकर्ता अस्वीकृत जोखिम बीमा पूल में बीमा प्रीमियम का निवेश करता है जोकि भाबीविविप्रा की अनुमोदित जोखिमांकन नीति पर आधारित है।

I.3.64 जीआईसी द्वारा वर्ष 2014–15 के दौरान ₹ 13857 करोड़ कुल प्रीमियम हासिल किया गया जबकि 2013–14 में ₹ 13213 करोड़ हासिल हुआ था – इसमें 4.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पुनर्बीमाकर्ता का निवल अर्जित प्रीमियम 2014–15 में घटकर ₹ 13558 करोड़ हो गया जोकि 2013–14 में ₹ 13609 करोड़ था। कुल उपगत दावों का अनुपात 2013–14 में 89 प्रतिशत था जो घटकर 2014–15 में 87.70 प्रतिशत हो गया। कंपनी ने गत वर्ष के ₹ 2253 करोड़ के मुकाबले 2014–15 में ₹ 2694 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता साधारण बीमा निगम (जीआईसी री) ने 31 मार्च 2015 तक 3.04 ऋणशोधन क्षमता अनुपात दर्ज किया जो 31 मार्च 2014 को 2.73 था।

I.4 समीक्षा

I.4.1 पॉलिसी धारकों के हितों की रक्षा

I.4.1.1 पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा विनियमन का प्रारूप

संरक्षण :– पॉलिसीधारक के हितों की रक्षा के लिए बुनियादी ढांचा आईआरडीए (पॉलिसीधारक के हितों का रक्षा संरक्षण) विनियम 2002 निहित है। बीमा उद्योग में इस तरह के उत्पादों के नए प्रकार जैसे सूक्ष्म बीमा उत्पादों, यूलिप उत्पादों, स्वास्थ्य बीमा आदि की शुरूआत के रूप में कई बदलाव देखे गए हैं, वितरण चैनलों की नई श्रेणियों जैसे कॉर्पोरेट एजेंटों, बीमा दलाल, वेब एग्रीगेटर्स और बीमा विपणन कंपनियों (आईएमएफ) को बीमा वितरण गतिविधियों के लिए अनुमति दी गई है। यह देखा गया है कि प्रतिस्पर्धा में वृद्धि के साथ–साथ बीमा बिक्री प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है, एजेंटों और बिचौलियों द्वारा आचार संहिता कड़ाई से लागू की जाए। निर्दिष्ट समय सीमा में शिकायतों के निवारण के लिए प्राधिकरण द्वारा एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली और एकीकृत शिकायत कॉल सेंटर की स्थापना भी की गई है। इस उद्योग में बीमा पॉलिसियों की सेवाओं में प्रतिस्पर्धी मानकों की स्थापना में मदद की हैं।

वित्तीय लेन–देने के नियमों के सभी चरणों में अधिक से अधिक उपभोक्ता संरक्षण प्रदान करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित एफएसएलआरसी से भी सिफारिश करते हैं। इसलिए बदलते समय के साथ मौजूदा नियमों की जांच की आवश्यकता महसूस की गई। और इस तरह उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित मौजूदा नियमों पर फिर से विचार करने के लिए एक स्थायी सलाहकार समिति का गठन आईआरडीएआई के रूप में किया गया, विभिन्न सेवाओं के लिए टैट्स की समीक्षा, बीमा उद्योग में व्यापार के प्रत्येक क्रम में निर्धारित समय सीमा के लिए नागरिक चार्टर की विभिन्न सेवाओं की शुरूआत की जा रही है। समिति की सिफारिशों के आधार पर ड्राफ्ट आईआरडीए विनियम 2014 (पॉलिसीधारक के हितों के संरक्षण) में टिप्पणी के लिए सार्वजनिक डोमेन रखे गये थे। प्राप्त टिप्पणियों और सुझावों को ध्यान में रखते हुए आईआरडीए (पॉलिसीधारक के हितों के संरक्षण) नियम जारी किए जाएगे। पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बिना किसी भी विचलन और बीमा पॉलिसी की सेवाओं में न्यूनतम संदर्भ मानक की स्थापना करने का प्रयास है।

I.4.1.2 आईआरडीएआई और अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के नाम पर फर्जी कॉल्स बीमा उद्योग के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस तरह के खतरे की जांच करने के लिए, आईआरडीएआई प्रमुख समचार पत्रों में कई सार्वजनिक नोटिस, प्रेस विज्ञप्ति, विज्ञापन आदि जारी करता है, बीमा कंपनियों के लिए विभिन्न टच पॉइंट्स पर और मीडिया में फर्जी कॉल्स के खिलाफ आम जनता को सतर्क करने के लिए दिशा–निर्देश देकर सावधान करता है। इस तरह के कॉल्स प्राप्त मामले में आम जनता द्वारा किए जाने वाले धोखेबाजों और उपायों के द्वारा पीछा, काम करने का ढंग के बारे में आईआरडीएआई ने फर्जी कॉल्स और फर्जी प्रस्तावों के खिलाफ 26 अगस्त 2014 को एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर आम जनता को सावधान किया।

I.4.1.3 ग्राहक शिक्षा पहल के रूप में आईआरडीएआई ने ''सही खरीद के माध्यम से बीमा के वास्तविक मूल्य – कुछ सुझाव'' शीर्षक के साथ 15 अगस्त 2014 को अंग्रेजी के अग्रणी समाचार पत्र में विज्ञापन जारी किया। इस विज्ञापन द्वारा आईआरडीएआई के नाम पर किए गए फर्जी कॉल्स और बिना लाइसेंस बिचौलियों को भुगतान करने से आम जनता को सावधान किया गया।

I.4.1.4 4 सितम्बर 2014 को एक प्रेस विज्ञप्ति में, आईआरडीएआई ने नकली कॉल के नए पैटर्न के बारे में सूचना देकर जनता को सावधान किया और नकली कॉल पर ऑडियो क्लिप जारी की।

I.4.1.5 प्राधिकरण ने इस तरह के उत्पादों, वितरण और पॉलिसीधारक के हितों की सुरक्षा आदि जैसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य बीमा करोबार को नियंत्रित करने वाले मौजूदा नियामक ढांचे की जांच करने के लिए 29 दिसम्बर 2014 को एक 'स्वास्थ्य बीमा पर विशेषज्ञ समिति' गठित की। समिति ने सभी हितधारकों की जानकारी के लिए अपनी रिपोर्ट सौंपी जिसे 27 अप्रैल 2015 को प्रकाशित किया गया।

I.4.1.6 आईआरडीएआई ने 9 फरवरी 2015 को प्रेस विज्ञप्ति जारी की, जिसमें आईआरडीएआई के डोमेन irda.gov.org का उपयोग कर ईमेल स्पूफिंग के बारे में बताकर कथित तौर पर आईआरडीएआई के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिरूपण और फर्जी ईमेल आईडी से जनता के लिए मेल भेजने के द्वारा जनता को धोखा देने की कोशिश कर कुछ अज्ञात व्यक्तियों के आचरण के बारे में बताकर आम जनता को सतर्क किया गया। इस प्रकार के किसी भी संदिग्ध ईमेल के प्राप्त होने के मामले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की साइबर अपराध शाखा को रिपोर्ट करने की सलाह आम जनता को दी थी।

भाबीविविप्रा की वित्तीय साक्षरता और उपभोक्ता जागरूकता की पहल :

I.4.1.7 निजी भागीदारी के लिए बीमा क्षेत्र की शुरूआत के बावजूद, बीमा निवेश और घनत्व का स्तर बहुत कम है। इसका मुख्य कारण बीमा उत्पादों और इसके लाभों के बारे में जागरूकता की कमी है।

वित्तीय साक्षरता और उपभोक्ता जागरूकता वित्तीय समावेशन के आवश्यक घटक हैं। भाबीविविप्रा के उपभोक्ता जागरूकता की पहल का उद्देश्य बीमा के लाभों के बारे में आम जनता को शिक्षित करना है कि कैसे एक बीमा उत्पाद का चयन और सेवा प्रदाता से संतुष्ट न होने के मामले में शिकायत निवारण तंत्र के बारे में एवं वित्तीय सेवा प्रदाताओं के खिलाफ कोई शिकायत के बारे में उन्हें शिक्षित करना है।

प्राधिकरण अपनी विनियामक ढांचे में पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा का एक साधन के रूप में बीमा के प्रति जागरूकता और उपभोक्ता शिक्षा के सिद्धान्तों को लागू करे। इस संबंध में महत्वपूर्ण नियामक प्रावधानों में से कुछ नीचे दिए गए हैं :

i) आईआरडीए (पंजीकरण) विनियम, 2000 के तहत बीमा क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवेदन कर रही नई कम्पनियों को बीमा जागरूकता पॉलिसी संलग्न करें।

ii) आईआरडीए (विज्ञापन), विनियम, 2000 के तहत खुलासे की आवश्यकताओं को निर्दिष्ट करना और बीमा कम्पनियों के विज्ञापनों, प्रमोशन एवं प्रचार के दिशा निर्देश में डालें।

iii) आईआरडीए (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 के अंतर्गत बिक्री के समय संभावित खुलासों को अनिवार्य रूप से बताना।

iv) निगमित प्रशासन के दिशा निर्देशों के तहत पॉलिसीधारक संरक्षण समिति की स्थापना और पॉलिसीधारक से अच्छे संबंध रखने के लिए बीमा उत्पादों के बारे में अच्छे से सूचित करना और उनके बारे में शिक्षित करना एवं बीमाकर्ता द्वारा शिकयतों के निपटान के लिए प्रक्रिया आदि।

इसके अलावा, उपभोक्ता शिक्षा को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए, भाबीविविप्रा ने सभी हितधारकों के बहुआयामी दृष्टिकोण और जनता के बीच बीमा के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक नीति अपनाई है।

I.4.1.8 वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान, बीविविप्रा ने बीमा बेमिसाल ब्रांड के तहत उपभोक्ता शिक्षा पहले की है।

जमीनी स्तर पर बीमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास में, भाबीविविप्रा ने सभी कम्पनियों को बीमा जागरूकता पॉलिसी के लिए बोर्ड के मंजूरी दे दी है। तदनुसार, वित्त वर्ष 2014–15 के लिए खरीदी गई पॉलिसी को अपने संबंधित बोर्ड द्वारा स्वीकृत बीमाकर्ताओं को स्वीकृत कराये और उसे प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाये। वार्षिक कैलेंडर की गतिविधियों को बोर्ड के अनुसार स्वीकृत बीमा जागरूकता नीति में वित्त वर्ष के दौरान सुधार कर लागू किया गया था और बीविविप्रा, दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उन लोगों के साथ एक समीक्षा बैठक हुई जिससे उद्योग भर में बीमा शिक्षा का सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा। बीविविप्रा वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान निम्नलिखित हैंडबुक जारी कीं :

i) स्कूली बच्चों को बीमा आसानी से समझ में आने के उद्देश्य से एक पुस्तक ''बीमा का परिचय'' शीर्षक का विमोचन किया।

ii) बीमा का सही खरीदने के बारे में सवाल पूछने युक्त ''बीमा पर एक पुस्तिका'' का विमोचन किया गया था।

iii) बीमा का सही खरीदने के बारे में सवाल पूछने युक्त ''बीमा पर एक पुस्तिका'' का विमोचन किया गया था। कॉलेज जाने वालों के लिए बीमा बाजार की नौकरी के बारे में जागरूक करने के लिए ''बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर'' निकाले गये।

iv) ग्रामीणों का ध्यान केन्द्रित करने के लिए ''फसल बीमा'' पर पुस्तिका जारी की गई।

पहली तीन पुस्तकों को ई–पुस्तकों में बदल दिया गया है, जिनको बीमा में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान वर्ष के दौरान आम जनता को शिक्षित करने के लिए भाबीविविप्रा के उपभोक्ता शिक्षा वेबसाइट यानी www.policyholder.gov.in पर भी उपलब्ध किया गया।

आम जनता को नकली कॉल करने और फर्जी प्रस्तावों के साथ सलाह देने के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करने के लिए बीविविप्रा ने निम्न तीन टीवी विज्ञापनों का उत्पादन किया।

1. टैगलाइन ''सच या झूठ में जानिये फर्क – रहिए सतर्क'' के साथ भाबीविविप्रा के नाम पर धोखाधड़ी कॉल के बारे में पड़ोसी (शर्मा जी) को सावधान करना।

2. टैगलाइन ''सच या झूठ में जानिये फर्क – रहिए सतर्क'' के साथ पुलिस/हीरो के माध्यम से –'भाबीविविप्रा बीमा और बोनस की घोषणा नहीं करता' का संदेश देना।

3. टैगलाइन ''भाबीविविप्रा आप के शुभ चिंतक'' के साथ 'बच के बाबा रहना तू ...' की विषय पर कैफैटेरिया में फर्जी प्रस्ताव के बारे में सावधान करना।

भाबीविविप्रा ने ऑल इंडिया रेडियो द्वारा प्रसारित सत्यमेव जयते–III के छह एपीसोडों को भी प्रायोजित किया। वर्ष के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर ''सही खरीद के माध्यम से बीमा के वास्तविक मूल्य – कुछ टिप्स'' विषय पर अंग्रेजी और हिन्दी सहित 12 क्षेत्रीय भाषाओं में प्रिंट भी किया था।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फर्जी कॉल करने के खतरे पर अंकुश लगाने के प्रयास में, जहां से फर्जी कॉल करने वालों की शिकायतें ज्यादा हैं वहां ध्यान केन्द्रित करने के लिए बीमा जागरूकता अभियान, भाबीविविप्रा की भूमिका के बारे में आम जनता को जागरूक करना, मेट्रो ट्रेनों के अंदर, मेट्रो स्टेशनों पर और स्टेशनों के बाहर पॉलिसीधारकों और फर्जी कॉल करने वालों के खिलाफ संदेश प्रदर्शित किये जाये।

त्रिपुरा राज्य में अगरतला में 8 जनवरी 2015 को माननीय मुख्यमंत्री श्री माणिक सरकार द्वारा बीमा जागरूकता अभियान शुरू किया गया था। यह अभियान भाबीविविप्रा और त्रिपुरा सरकार का संयुक्त प्रयास है। अभियान का उद्देश्य बीमा के लाभों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए है।

इसकी नींव के दिन (19 अप्रैल) को भाबीविविप्रा बीमा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर भाबीविविप्रा कर्मचारियों के लिए इन–हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है और बीमा उद्योग के लिए दूसरे पैन इंडिया इंश्योरेंस क्विज प्रतियोगिता करता है। ''वित्तीय समावेशन और बीमा साक्षरता'' के विषय पर एक पैनल भी आयोजित करता है जहां वित्तीय क्षेत्र से प्रख्यात वक्ताओं पर विचार साझा किये जाते हैं।

I.4.1.9 भाबीविविप्रा वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय केन्द्र की कोर कमेटी के सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाती है। संयुक्त रूप से के कार्यान्वयन के लिए भारत में सभी वित्तीय के नियामकों द्वारा गठित एक संस्था वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय नीति (एनएसएफई), और वित्तीय साक्षरता के आंकलन के लिए राष्ट्रीय परीक्षण अर्थात् एनसीएफई की पहल का समर्थन, एनसीएफई वेब पोर्टल की शुरूआत और राष्ट्रीय सर्वेक्षण आदि वित्तीय जागरूकता को मापने के लिए आयोजन में ऐसे कुछ नाम हैं। वित्तीय शिक्षा पाठ्यक्रम समिति द्वारा विकसित किया गया है जो सीबीएसई पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने के लिए विचार किया जा रहा है। एनसीएफई और भारत में बीमा क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय नियामक दोनों सदस्य के रूप में है, भाबीविविप्रा सामान्य और विशेष रूप से बीमा शिक्षा के क्षेत्र में वित्तीय शिक्षा के प्रसार के लिए स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों के साथ काम कर रहा है।

पॉलिसी धारकों के संरक्षण हेतु पहलें :

I.4.1.10 पॉलिसी धारकों की रूचि देखते हुए भाबीविविप्रा ने उनके हितों की रक्षा हेतु अनेक कार्यक्रमों की पहल की है।

किसी बीमाकर्ता अथवा अथवा एजेंट या मध्यस्थ के लिए पॉलिसी धारकों के हितों की रक्षा हेतु विनियमों का फ्रेमवर्क बीविविप्रा द्वारा तैयार किया गया है। जोकि भाबीविविप्रा (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम 2002 में निहित है। विनियमों के अंतर्गत पॉलिसी की बिक्री तथा प्रस्ताव के समय अपनाई जाने वाली कार्यविधि, दावों की प्रक्रिया, पॉलिसी धारकों को किए जाने वाले प्रकटन, पॉलिसी सेवाएं आदि विषय समाहित है।

I.4.1.11 बीविविप्रा (विज्ञापन और प्रकटन) विनियम 2000 तथा विज्ञापनों से संबंधित अन्य दिशा निर्देशों का उद्देश्य पॉलिसी की बिक्री के समय किये जाने वाले संप्रेषण में कहीं भी भ्रामकता और अस्पष्टता को दूर करना है। ताकि ग्राहक प्रस्तावित पॉलिसी को चुनने और खरीदने में सही निर्णय ले सके।

I.4.1.12 चूंकि बीमा एक कानूनी विषय है; अतः उसमें विभिन्न मध्यस्थ शामिल होते हैं। केवल लाइसेंस धारकों अथवा संस्थाओं की संलिप्तता सुनिश्चित करने हेतु भाबीविविप्रा ने लाइसेंस संबंधी कुछ विनियम भी जारी किए हैं। यह विनियम व्यक्तिगत बीमा एजेंटों के लिए बीविविप्रा (बीमा एजेंटों की लाइसेंसिंग) (अमेंडमेंट) विनियम 2013; कॉर्पोरेट एजेंटों के लिए बीविविप्रा (कॉर्पोरेट एजेंटों की लाइसेंसिंग) विनियम 2002, बीमा दलालों के लिए बीविविप्रा (बीमा दलाल) विनियम 2013, वेब एग्रीगेटरों के लिए बीविविप्रा (वेब एग्रीगेटर) विनियम 2013, और मार्केटिंग फर्म्स के लिए भाबीविविप्रा (बीमा मार्केटिंग फर्म्स के पंजीयन) विनियम 2015। इन विनियमों का पालन एजेंटों, निगमित एजेंटों दलालों, वेब एग्रीगेटरों और आईएमएफ द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाना है। इन विनियमों के तहत आचार संहिता भी निर्धारित की गई है। ताकि बीमा व्यवसाय योग्य व्यक्तियों द्वारा किया जाए तथा ताकि वह बीमा उत्पाद बेचते हुए वांछनीय सूचना दे सकें, बेचने वाली पॉलिसी को समझ सकें तथा ग्राहक की आवश्यकतानुसार सही सलाह दे सकें ताकि बेची जाने वाली पॉलिसी/बेची गई पॉलिसी प्रस्तावित व्यक्ति की मांग के अनुसार हो। उनकी आवश्यकता पॉलिसी बेचने के उपरांत सेवाएं प्रदान करने के लिए भी पड़ती हैं जैसे नवीकरण, दावे के लिए सहायता इत्यादि।

I.4.1.13 बीमाकर्ताओं, निगमित एजेंटों और दलालों द्वारा पॉलिसी बेचने हेतु उपलब्ध संसाधनों जैसे टेलिकॉलिंग, एसएमएस, ई–मेल, इंटरनेट, डीटीएच, डाकमेल आदि का प्रयोग किया जा रहा है। जिनके द्वारा व्यक्तिगत संपर्क न होकर दूरस्थ संपर्क किया जा सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भाबीविविप्रा ने सुदूर मार्केटिंग दिशा निर्देश जारी किए हैं। इनका पालन, प्रस्ताव, विचार विमर्श और बिक्री की समाप्ति के समय किया जाता है।

I.4.1.14 चूंकि बीमा का लाभ उसकी बिक्री के बाद ही उठाया जा सकता है, इसलिए भाबीविविप्रा ने जीवन व गैरजीवन के उत्पादों के लिए फाईल एवं यूज दिशा निर्देश जारी किये हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुपालन के लिए प्रत्येक बीमाकर्ता को भाबीविविप्रा को आवेदन लिखकर अनुमोदन प्राप्त करना होता है। आवेदन के साथ बीमाकर्ता को पॉलिसी बॉंड का नमूना, नमूने का प्रस्ताव–प्रपत्र, बिक्री विवरण का नमूना और वित्तीय प्रक्षेपण का ब्यौरा भी संलग्न करना चाहिए। शर्तों और स्थितियों में बदलाव करने हेतु भी यही प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। यदि कोई बीमाकर्ता किसी पॉलिसी को लौटाना भी चाहता है तो उसे भाबीविविप्रा को पूर्व सूचना देनी होती है और लौटाने का कारण भी बताना पड़ता है। यह दिशा निर्देश सुनिश्चित करते हैं कि केवल अनुमोदित उत्पाद ही जनता को बेचे जा सकते हैं।

I.4.1.15 बीविविप्रा (नॉन–लिंक्ड उत्पाद) विनियम 2013 और बीविविप्रा (लिंक्ड उत्पाद) विनियम 2013 के अंतर्गत नॉन लिंक्ड और लिंक्ड जीवन बीमा पॉलिसियों का उद्देश्य बीमाकर्ता द्वारा प्रस्तावित पॉलिसियों और गुणों में निरंतरता को सुनिश्चित करना तथा लाभांश भुगतान की शर्तों में पारदर्शिता बरकरार रखना है। ताकि ग्राहकों का सही पॉलिसी के चुनाव में सुविधा हो।

I.4.1.16 बीविविप्रा (स्वास्थ्य बीमा) विनियम 2013 द्वारा पॉलिसी

के गुणों, प्रस्तावों प्रपत्र में वर्णित मानकों की घोषणा, उच्चतर पारदर्शिता और बिक्री विवरण में प्रकटनों और वेब पोर्टलों पर उपयुक्त सूचना का प्रकटन जो निर्णय लेने में सहायक हो आदि पर अत्यधिक बल दिया जाता है। स्वास्थ्य बीमा में मानकीकरण संबंधी दिशा निर्देशों से स्वास्थ्य पॉलिसियों में प्रयुक्त आम शब्दों, गंभीर रोगों की नाम पद्धति और प्रक्रिया, पूर्व प्राधिकरण तथा दावा प्रपत्र, अस्पताल में दाखिले संबंधी लाभ और सूची में न आने वाले खर्चों, फाइल एण्ड यूज आवेदनों, ग्राहक सूचना पत्र, तृतीय पक्ष और बीमाकर्ता के बीच अनुबंध आदि सभी पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

I.4.1.17 बीमा ग्राहकों के हितों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न उपायों के अतिरिक्त, यदि किसी बीमाकर्ता की सेवाओं में कोई कमी हो तो उसके लिए भी एक त्वरित प्रणाली उपलब्ध है। शिकायत निवारण दिशा निर्देशों द्वारा प्रत्येक बीमाकर्ता को प्राप्ति, पावती और शिकायत को निर्धारित समय सीमा के भीतर, निपटने हेतु समर्थ बनाने के लिए एक एकीकृत प्रणाली उपलब्ध है। इसके अलावा न केवल प्रधान कार्यालय/कॉर्पोरेट कार्यालय ही नहीं, बल्कि हर दूसरे कार्यालय में, शिकायत निवारण अधिकारी की तैनाती का भी प्रावधान है।

I.4.1.18 चूंकि प्रत्येक ग्राहक के लिए हमेशा बीमाकर्ता के पास पहुंचना आसान नहीं होता, इसलिए भाबीविविप्रा ने ग्राहकों के लिए कुछ माध्यम निर्धारित किए हैं जिनमें ऑनलाइन शिकायत पोर्टल www.igms.irda.gov.in तथा एक टॉल फ्री शिकायत केन्द्र (155255) इन चैनलों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों को बीमाकर्ता द्वारा सुधार तथा सलाह के तौर पर ग्रहण किया जाता है।

I.4.1.19 बीविविप्रा द्वारा शिकायतों के निवारण में, सहायता तो करता है परंतु शिकायतों पर कोई निर्णय नहीं करता। लोक शिकायत निवारण नियमावली 1998 के तहत कार्यरत बीमा लोकपाल संस्था बड़े ही सहज, सस्ते और तीव्र गति से शिकायतों का निवारण करती है।

I.4.1.20 बीविविप्रा (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2002 पॉलिसीधारक संरक्षण में एक अहम भूमिका निभाता है। इसके अलावा उपर्युक्त उपाय अन्य विनियम आवश्यकताओं से भिन्न नहीं है जैसे– विनियामक, लाइसेंसिंग, दिवालिया मार्जिन का अनुरक्षण, निवेश नियामक, जन प्रकटन आदि तथा विनियामक रिटर्न, बाजार आसूचना, ऑडिट आदि के माध्यम से पर्यवेक्षी तंत्र जैसे साइट पर निरीक्षण और ऑफ साइट निरीक्षण की मॉनीटरिंग करना।

I.4.1.21 इस बात को ध्यान में रखते हुए कि बीविविप्रा (पॉलिसीधारक की रूचियों की सुरक्षा) विनियम वर्ष 2002 में जारी किए गए और तब से बीमा क्षेत्र में पर्याप्त परिवर्तन हो चुके हैं। यह जरूरी है कि पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए, इन विनियमों में बदलाव किया जाए। भाबीविविप्रा ने न केवल पॉलिसीधारकों के संरक्षण विनियमों को सशक्त बनाने के लिए बल्कि बीमा कंपनियों को एक मॉडल सिटीजन चार्टर प्रस्तावित करने के लिए भी एक समिति का गठन किया है।

शिकायत निवारण और उपभोक्ता शिक्षण :

I.4.1.22 भाबीविविप्रा का उपभोक्ता मामले विभाग, बीमाकर्ताओं द्वारा पॉलिसीधारकों की शिकायतों के निवारण को सरल बनाता है और उपभोगताओं को बीमा संबंधी जानकारी देने में भी मदद करता है। भाबीविविप्रा का शिकायत निवारण दिशा निर्देशों के मतानुसार सभी बीमाकर्ताओं के पास एक अनुमोदित शिकायत निवारण नीति होनी चाहिए और प्रधान कार्यालय/कॉर्पोरेट कार्यालय, प्रिंसीपल कार्यालय में शीघ्र प्रबंधन में, एक शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए और शिकायतों के निपटारे के लिए कॉर्पोरेट प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार पॉलिसीधारक संरक्षण समिति बनाई जानी चाहिए। दिशा निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक बीमाकर्ता के पास, शिकायतों की प्राप्ति, निवारण, समापन/निपटान हेतु एक निर्धारित सीमा तय की जानी चाहिए।

दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक बीमकर्ता को ऑन लाइन रेजिस्ट्रेशन और शिकायतों की ट्रेकिंग के लिए साथ.ही.साथ शिकायतों को कॉल और ई.मेल से प्राप्त करने के लिए प्रणाली और आई आर डी ए आई से संबद्ध करने के लिए एक स्वचालित प्रणाली बनानी होगी। आगे, दिशानिर्देश विभिन्न प्रकार की शिकायतों जैसे - पावती, निपटान, बंद करना इत्यादि के लिए समय सीमा का निर्धारण करते हैं । शिकायत निवारण दिशानिर्देश और आचार संहिता दिशानिर्देशों के अनुसार पॉलिसीधारक सुरक्षा समिति का गठन पॉलिसीधारको के हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।

I.4.1.23 बीमाकर्ताओं के विरूद्ध की जाने वाली शिकायतों के लिए एक विकल्प के तौर पर, भाबीविविप्रा ने बीविविप्रा शिकायत केन्द्र (आईजीसीसी) की स्थापना की है जो एक टॉल फ्री नम्बर की सहायता से शिकायतों को प्राप्त करके उन्हें दर्ज करता है। भाबीविविप्रा ने एकीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली (आईजीएमएस) को भी ऑनलाइन शुरू किया है जो न केवल शिकायत दर्ज करती है, बल्कि भाबीविविप्रा को बीमा कंपनियों द्वारा शिकायतों के निवारण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध करवाती है। आईजीसीसी का संपर्क आईजीएमएस से जुड़ा होता और भाबीविविप्रा का संपर्क बीमाकर्ताओं की शिकायत प्रणालियों से।

I.4.1.24 उपभोक्ता मामले विभाग को पॉलिसीधारकों से जीवन तथा गैर जीवन बीमा कंपनियों के विरूद्ध शिकायतें प्राप्त होती है। विभाग बीमाकर्ताओं की मदद से उनके निवारण का प्रयास करता है। संभावितों और पॉलिसीधारकों को यह सलाह दी जाती है कि वे पहले संबंधित बीमा कंपनियों के पास अपनी शियकता दर्ज करवाएं। यदि कंपनी 15 दिन के भीतर उसकी कार्रवाई नहीं करती है, या शिकायतकर्ता उसकी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है तो वह अपनी शिकायत को भाबीविविप्रा में भिजवा सकता है। भाबीविविप्रा बीमा कंपनियों के साथ मिलकर, पुनरीक्षण/पुनर्परीक्षण द्वारा कार्रवाई करता है। फिर भी भाबीविविप्रा प्रत्येक शिकायत की छानबीन नहीं करता है और न ही निर्णय लेता है।

I.4.1.25 विभाग बीविविप्रा (पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम 2002 के अनुपालन के स्तर का परीक्षण करता है। चूंकि आईजीएमएस सारे देश में शिकायतों का सुधार करता है। इसलिए बीविविप्रा और अन्य बीमा कंपनियों को शिकायतों के विश्लेषण के मूल कारण तक पहुंचने में सहायता मिलती है। इसके द्वारा प्राधिकरण को, पॉलिसी धारकों की चिंताओं को समझने में मदद मिलती है और वह बीमाकर्ताओं को, ग्राहकों की शिकायतों के निवारण हेतु उपयुक्त सुझाव/अनुदेश देता है।

I.4.1.26 बीमा संबंधी जागरूकता का निर्माण करने हेतु उपभोक्ता मामले विभाग उपभोक्ता शिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल है। चूंकि बीमा एक जटिल वित्तीय उत्पाद है, इसलिए बीमा उत्पादों की प्रकृति, प्रस्ताव को समझने के लिए विशेष जानकारी की आवश्यकता होती है। भाबीविविप्रा द्वारा शुरू किए गए उपभोक्ता शिक्षण का उद्देश्य उपभोक्ता को अपनी आवश्यकताओं को पहचानने, बीमा उत्पादों को समझने और जोखिमों को जानने हेतु समर्थ बनाना है ताकि बीमा करवाते समय वह एक सही निर्णय ले सकें। भाबीविविप्रा के बीमा जागरूकता अभियान प्रत्येक माध्यम से प्रचारित किए जा रही है जैसे– मुद्रित और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम, समाचार पत्र के विज्ञापन, हस्त पुस्तिकाओं के प्रकाशन/ कॉमिकबुक्स / रेडियो/टीवी/इंटरनेट, संगोष्ठियाँ, सामाजिक साइट्स जैसे यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर आदि। उपभोक्ता शिक्षण वेबसाइट www.policyholder.gov.in में बीमा संबंधी कई जानकारियां साधारण व सरल भाषा में जनहित में जारी की जाती है। जानकारी को व्यापक बनाने के लिए, भाबीविविप्रा ने एक हिन्दी साइट शुरू की है और प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में, पुस्तकें छपाई है ताकि जानकारी लोगों की अपनी भाषा में उपलब्ध हो सके। भाबीविविप्रा अब विकसित सामग्री को वितरित करवाने के लिए बीमा उद्योग, अन्य विनियम निकाय, वित्तीय साक्षरता केन्द्रों, सामान्य सेवा केन्द्रों आदि से संपर्क कर रहा है और जागरूकता फैलाने के लिए देश भर की जानता तक पहुंचने हेतु सभी उपलब्ध वैकल्पिक चैनलों का प्रयोग कर रहा है। भाबीविविप्रा वित्तीय शिक्षण की राष्ट्रीय रणनीति के कार्यान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

I.4.2 बीमाकर्ताओं की ऋण शोधन क्षमता का रखरखाव

I.4.2.1 प्रत्येक बीमाकर्ता को बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीए के अनुसार ऋण शोधन क्षमता का अनुरक्षण करना पड़ता है। प्रत्येक बीमाकर्ता को भाबीविविप्रा द्वारा निर्धारित राशि के समान आस्तियों के मूल्य अनुरक्षण करना होगा। बीविविप्रा विनियम (आस्तियों, दायित्व व बीमाकर्ताओं की ऋण शोधन क्षमता) 2000 द्वारा आवश्यक ऋण शोधन क्षमता की गणना की प्रणाली का विवरण उद्धृत किया गया है।

I.4.2.2 जीवन बीमाकर्ता के मामले में, आवश्यक ऋण शोधन क्षमता 50 करोड़ रूपये की राशि (पुनर्बीमा के मामले में एक सौ करोड़) अथवा अधिनियम में दी गई, विधि पर आधारित होगा। बीमा नियम (संशोधन) 2015 ऋण शोधन के स्तर ऋण शोधन के कंट्रोल लेवल के नाम से जाना जाता है जिसका उल्लंघन करने पर प्राधिकरण बीमाकर्ता को निदेश जारी करता है कि वित्तीय योजना जिसमें कार्यवाही की योजना का उल्लेख हो जिसके अंतर्गत कमियों को पूरा किया जाना है एक निर्दिष्ट समय परंतु 6 माह के अंदर प्राधिकरण को प्रेषित करे।

I.4.2.3 गैर जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में आवश्यक ऋण शोधन क्षमता अधिकाधिक 50 करोड़ रूपये (पुनर्बीमा के मामले में एक सौ करोड़) अथवा आरएसएम–1 और आरएसएम–2 के तहत निम्नलिखित रूप में गणना किया गया होगा :

- आरएसएम–1 अर्थात् कुल प्रीमियम पर आवश्यक ऋण शोधन क्षमता तथा राशि का 20 प्रतिशत होगा जो फैक्टर 'ए' द्वारा गुणित सकल प्रीमियम से उच्चतर होगा। आरएसएम–1 की गणना के उद्देश्य के लिए पिछले 12 महीनों का प्रीमियम विवरण में लिया जाएगा।
- आरएसएम–2 अर्थात् कुल उपगत दावों पर आधारित ऋण शोधन क्षमता और उसे उस राशि का 30 प्रतिशत निर्धारित किया जाएगा जोकि सकल निवल व्यय किया हुए दावों को फैक्टर–बी व निवल व्यय किये हुए दावों से गुणा करने के बाद अधिक होंगे।

जीवन बीमाकर्ता :

I.4.2.4 मार्च 2015 के अंत तक 23 बीमाकर्ताओं द्वारा निर्धारित ऋण शोधन क्षमता के 1.5 के अनुपात का अनुपालन किया गया। सहारा लाइफ से सूचना बहुप्रतीक्षित है। फिर भी 31 मार्च 2014 तक सहारा लाइफ के अनुपात 684 प्रतिशत था।

तालिका I.38
निवल प्रतिधारण (जीआईसी) 2014.15

व्यापार का प्रकार	घरेलू व्यापार (प्रतिशत)	विदेशी व्यापार (प्रतिशत)
अग्नि	67.9	92.6
मैरीन कार्गो	84.3	100.0
मैरीन हल	68.9	88.7
इंजीनियरिंग	79.9	100.0
उड्डयन	88.8	85.2
मोटर	100.0	100.0
विविध	93.3	100.0
जीवन	74.3	84.7
कुल	**88.8**	**94.5**

गैर जीवन बीमाकर्ताओं की ऋण शोधन क्षमता :

I.4.2.5 31 मार्च 2015 तक निजी क्षेत्र के 22 गैर जीवन बीमाकर्ता (स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) में 21 बीमाकर्ताओं द्वारा निर्धारित ऋण शोधन क्षमता के 1.50 अनुपात का अनुपालन किया गया है। यद्यपि, मेग्मा एचडीआई जनरल बीमा कंपनी लिमिटेड को छोड़कर जिसका ऋण शोधन क्षमता अनुपात 1.24 दर्ज किया गया।

सभी चार सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ताओं द्वारा 31 मार्च 2015 तक निर्धारित ऋण शोधन क्षमता का अनुपात 1.50 का अनुपालन किया गया।

I.4.2.6 31 मार्च 2015 तक विशिष्ट बीमाकर्ता अर्थात् एआईसी और ईसीजीसी द्वारा सॉल्वेंसी अनुपात क्रमशः 3.18 और 6.61 दर्ज किया गया जबकि 31 मार्च 2014 तक 2.60 और 11.02 था।

पुनर्बीमाकर्ता :

I.4.2.7 राष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ता, जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 31 मार्च 2015 तक 3.04 ऋण शोधन क्षमता अनुपात दर्ज किया (31 मार्च 2014 तक 2.73)।

I.4.3 पुनर्बीमा का अनुप्रवर्तन

6) **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय** : मंत्रालय एक नई सड़क सुरक्षा और परिवहन विधेयक पर काम कर रहा है। परिषद बहुत सक्रिय रूप से एमओआरटीएच के अधिकारियों के साथ उक्त विधेयक पर चर्चा कर रही है। सदस्य कंपनियों से सहायता और समर्थन के साथ, परिषद एक से अधिक अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग और विभाग के अधिकारियों ने मंत्री से मुलाकात की और स्वैच्छिक दायित्व की अवधारणा सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों के लिए देयता पर सीमा को शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, दावों के दाखिल करने के लिए समय सीमा की आवश्यकता पर भी बल दिया गया है। परिषद ने प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए बीमा कंपनियों के उद्योग की चिंताओं को अच्छी तरह से प्राधिकरण के रूप में प्रीमियम तय करने के लिए उपलब्धता को सुनिश्चित किया है। परिषद ने विचार किया है कि दोनों बीमा अधिनियम के संबंध में वर्ष के दौरान आरएसटीबी की अच्छी उपलब्धि है।

7) **ईटीएएसएस** – साधारण बीमा परिषद, प्राधिकरण व्यापार के अग्नि लाइन के लिए ईटीएएसएस के पायलट मॉड्यूल के लिए एक अवसर प्रदान करने के लिए आभारी है। अंतःकंपनी लेनदेन और संतुलन के बीच में दक्षता लाने के लिए पहला कदम है। पहला मा्ड्यूल 27 अप्रैल 2015 को अध्यक्ष, आईआरडीएआई द्वारा प्रतिक्रिया और मॉड्यूल की सफलता के आधार पर शुरू किया, इस प्रणाली के लिए व्यापार के अन्य लाइनों के साथ–साथ दलाल, पुनर्बीमा कंपनियों आदि के रूप में अन्य हितधारकों के लिए विस्तार किया जाएगा। परिषद, 2015–16 के लिए मुख्य गतिविधियों में से एक के रूप में इस पर विचार करेगी और इसे सफल बनाने के लिए सदस्य कंपनियों के साथ गतिविधि शामिल होगा।

8) **परिषद का पुनर्गठन** – अंत में, बीमा कानून (संशोधन) विधेयक के पारित होने के साथ परिषद, जो अपने आपको पुनर्गठित स्वयं अपनी गतिविधियों को विनियमित करने के लिए उपयुक्त उपनियों का ड्राफ्ट तैयार करने को शामिल करने की प्रक्रिया में है। वर्तमान में, परिषद की उपनियमों की तैयार कर रही संचालन समिति से कई बार बैठक की है, जिसे कानूनी सलाहकार के बारे में पुनर्गठन के लिए निर्धारित किया है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार एक पूर्ण चुनाव आयोग परिषद का पुनर्गठन की गतिविधि 31 मई 2015 से पहले पूरा होने की उम्मीद है।

II.8 लोकपालों की कार्य पद्धति

II.8.1 वर्ष 2014–15 के दौरान समूचे भारत में व्याप्त बारह लोकपाल केन्द्रों ने कुल 21484 शिकायतें प्राप्त कीं। जबकि 14339 शिकायतें (66.74 प्रतिशत) जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित थीं, शेष 7145 शिकायतें (33.26 प्रतिशत) गैर जीवन बीमाकर्ताओं से संबंधित थीं। ये उन 9617 शिकायतों के अतिरिक्त थीं जो मार्च 2014 की समाप्ति पर लोकपालों के विभिन्न कार्यालयों में लंबित थीं।

II.8.2 2014–15 के दौरान लोकपालों ने 24319 शिकायतों का निपटान किया। इन शिकायतों में से लोकपालों ने 53.48 प्रतिशत शिकायतों को अस्वीकार्य/अग्रहणीय के रूप में घोषित किया। कुल शिकायतों के 25.04 प्रतिशत को अधिनिर्णय/सिफारिशें जारी की गईं। 8.64 प्रतिशत अन्य शिकायतों को वापस लिया गया जबकि 12.84 प्रतिशत शिकायतों को खारिज किया गया। 31 मार्च 2015 के को 6782 शिकायतें लंबित थीं।

तालिका II.14

लोकपाल द्वारा 2014–15 में शिकायतों का निपटान

बीमाकर्ता	31.03.2014 को शिकायतों की स्थिति	2014–15 के दौरान प्राप्त शिकायतें	कुल	2014–15 के दौरान निपटाई गईं शिकायतें	माध्यम से निपटाई गईं शिकायतों की संख्या				31.03.2015 को शिकायतें
					(I)	(II)	(III)	(IV)	
जीवन	5724	14339	20063	15666	3402	1329	1718	9217	4397
					[21.72]	[8.48]	[10.97]	[58.83]	
गैर–जीवन	3893	7145	11038	8653	2687	773	1404	3789	2385
					[31.05]	[8.93]	[16.23]	[43.79]	
सम्मिश्र	**9617**	**21484**	**31101**	**24319**	**6089**	**2102**	**3122**	**13006**	**6782**
					[25.04]	**[8.64]**	**[12.84]**	**[53.48]**	

टिप्पणी :

(i) सिफारिशें / पंचनिर्णय (iii) खारिज

(ii) वापस लेना / निपटान (iv) अस्वीकरण / विचार योग्य नहीं

कोष्ठक में आंकड़े निपटाई गई संबंधित शिकायतों का प्रतिशत दर्शाती है।

भाग – III
प्राधिकरण के वैधानिक और विकास कार्य

बीविविप्रा अधिनियम, 1999 (आईआरडीए एक्ट) की धारा 14 बीमा व्यवसाय और पुनर्बीमा व्यवसाय को विनियमित करने, उनका संवर्धन करने तथा उनकी यथाक्रम वृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण की शक्तियां और कार्य कर्तव्य निर्धारित करती है। उपर्युक्त धारा की उपधारा (2) प्राधिकरण की शक्तियों और कार्यों को निर्धारित करती है। वार्षिक रिपोर्ट का अध्याय III प्राधिकरण की उन गतिविधियों को समाविष्ट करता है जो अपने कार्य करते समय और अपने को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते समय 2014–15 में प्राधिकरण द्वारा सम्पन्न की गई है।

III.1 आवेदक को पंजीकरण का प्रमाणपत्र जारी करना, नवीकृत, आशोधित, प्रत्याहरित, लंबित अथवा ऐसे पंजीकरण को निरस्त करना

III.1.1 बीमा कंपनियों के पंजीकरण, उनके पंजीकरण प्रमाण–पत्र के नवीकरण, आशोधन और निलंबन को प्राथमिक रूप से समय–समय पर यथासंशोधित बीविविप्रा (भारतीय बीमा कंपनियों का पंजीकरण) विनियम, 2000 तथा प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों द्वारा विनियमित किया जाता है।

III.1.2 2014–15 के दौरान, प्राधिकरण ने किसी भी बीमा कंपनी के लिए पंजीकरण के नए प्रमाणपत्र जारी नहीं किए। सभी वर्तमान जीवन और गैरजीवन बीमा कंपनियों को जारी किये गये पंजीकरण प्रमाणपत्रों का नवीकरण बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 3ए के अनुसार किया गया है।

III.1.3 निरीक्षण विभाग में अनुपालन विंग फरवरी 2014 में स्थापित किया गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, साइट पर विनियमित संस्थाओं के निरीक्षण करना निरीक्षण विंग की जिम्मेदारी है। निरीक्षण की गई संस्थाओं की पूरी रिपोर्ट की टिप्पणी/अनुपालन को अग्रेषित किया जाता है और उसके अंत में निरीक्षण रिपोर्ट को अनुपालन विंग को पारित किया जाता है। निरीक्षण संस्थाओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं/शिकायतों के अनुपालन विंग में विश्लेषण किये जाते हैं। अनुपालन विंग द्वारा अंतिम कार्यवाही की प्रस्तवित रिपोर्ट को 10 दिनों के भीतर अपनी टिप्पणी / निविष्टियाँ के लिए पूर्णकालिक सदस्य (डब्ल्यूटीएम) को विचार करने के लिए प्रस्तुत की जाती है। डब्ल्यूटीएम से टिप्पणी को देखने के बाद, कार्यवाही की प्रस्तावित रिपोर्ट को अनुमोदन हेतु अध्यक्ष को प्रस्तुत करती है। इस प्रकार सभी निरीक्षण रिपोर्ट को कारण बताओ नोटिस, व्यक्तिगत सुनवाई, अंतिम कार्यवाही जैसे–जुर्माना, चेतावनी आदि के माध्यम से बंद किया जाता है। अनुपालन विंग का जनवरी 2015 में प्रवर्तन विभाग के रूप में नामकरण किया गया था और इसका अलग विभाग बनाया गया। भारत सरकार द्वारा 26 दिसम्बर 2014 को बीमा कानून (संशोधन) अध्यादेशए 2014 प्रख्यापित किया गया था जिसे बाद में बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2015 में परिवर्तित किया गया और दोनों को संसद में पारित किया गया तथा अंत में 22 मार्च 2015 को लागू किया गया था। इसके अनुसार दंड प्रावधानों को संशोधित किये गये थे और अधिनियम की कुछ धाराओं के संबंध में न्याय निर्णयन की प्रक्रिया के द्वारा दंड लगाए गए। आईआरडीएआई में कम से कम संयुक्त निदेशक के स्तर पर अधिकारी को न्याय करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। दंड की मात्रा पर निर्णय लेने से पहले अधिनियम में दिए गए बुनियादी तथ्यों को ध्यान में रखा जाता है। आईआरडीए के आदेश के विरूद्ध अपील को एसएटी के लिए असत्य होंगी। मौद्रिक दंडों का विवरण संलग्नक 10 में दिए गए हैं।

III.1.4 बीमाकर्ताओं पर लागू किये गये मौद्रिक अर्थ दंड के अतिरिक्त, अनुपालन न करने वाली संस्थाओं पर भी दंडात्मक कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण ने ऐसी विनियमित संस्थाओं को भी चेतावनी, विशिष्ट आदेश/निर्देश जारी किए जो विनियामक शर्तों का अनुपालन न करते हुए पाई गईं।

III.2 पॉलिसी के समनुदेशन, पॉलिसीधारकों द्वारा नामांकन, बीमा योग्य हित, बीमा संबंधी दावे के निपटान, पॉलिसी के अभ्यर्पण मूल्य और बीमे की संविदाओं की अन्य शर्तों से संबंधित मामलों में पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण

III.2.1 प्राधिकरण ने विक्रय और दावे आदि के समय बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों के लिए विभिन्न करने योग्य और न करने योग्य कार्यों की व्यवस्था करते हुए विनियम बनाए हैं। उक्त विनियिमों के अंतर्गत पॉलिसीधारकों को सेवा प्रदान करने के लिए समय–सीमाएं निर्धारित की गई है। इसके अलावा, इन विनियमों के अंतर्गत बीमाकर्ताओं के लिए यह अधिदेशात्मक कर दिया गया है कि उनके यहां पॉलिसीधारकों की शिकायतों के निवारण के लिए प्रभावी व्यवस्था विद्यमान हो। प्राधिकरण ने अपने उपभोक्ता मामले विभाग के माध्यम से जीवन ओर गैर जीवन बीमा कंपनियों के पॉलिसीधारकों के लिए एक ''शिकायत कक्ष'' स्थापित किया है। निर्धारित समय के अंदर बीमाकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतों का निवारण करवाने के लिए पॉलिसीधारकों की सहायता करने में एक सुसाध्यकारी सहायक की भूमिका अदा करने के अतिरिक्त, प्राधिकरण शिकायतों के लिए कारणभूत अंतर्निहित मुद्दों का परीक्षण भी एक निरंतर आधार पर करता है तथा संबद्ध प्रणालीगत समस्याओं को सुलझाने की दिशा में कार्य करता है। प्राधिकरण ने परिपत्र सं. 3/सीए/जीआरवी/ वाइपीबी/10–11 दिनांकित 27.07. 2010 में बीमा कंपनियों द्वारा शिकायत निवारण के लिए दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें सभी बीमा कंपनियों द्वारा शिकायत निवारण नीति और पॉलिसीधारक संरक्षण समिति के लिए निगमित प्रशासन के लिए दिशानिर्देशों को के रूप में एक बोर्ड को मंजूरी दे दी। इन दिशानिर्देशों में शिकायत निवारण प्रक्रियाएं, टर्न अराउंड टाइम और गिरी हुई परिस्थितियां जिसमें शिकायत को बंद जैसा व्यवहार किया जाता है, का उल्लेख किया गया है।

III.2.2 प्राधिकरण ने सभी जीवन और गैर जीवन बीमा कंपनियों को सूचित किया है कि वे अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण पॉलिसी में विनिर्दिष्ट समय के बाद सूचित अथवा प्रस्तुत किये गये वास्तविक दावों को अस्वीकृत न करें। सूचना अथवा दस्तावेज प्रस्तुत करने में विलंब की वजह से दावे को अस्वीकृत करने के लिए बीमाकर्ता के निर्णय को सुदृढ़ तर्क तथा विधिमान्य कारणों पर आधारित होना होगा क्योंकि समय–सीमा का खंड न तो सम्पूर्ण है और न ही वह पृथक्करण में सही साबित होता है। इस स्थिति के होते हुए बीमाकर्ता तब तक किसी दावे को अस्वीकार नहीं करेगा जब तक विलंब के लिए कारण विशिष्ट रूप से मालूम न किये जाएं, दर्ज न किये जाएं तथा बीमाकर्ता स्वयं इस बात से संतुष्ट न हो कि उन दावों को अन्यथा भी अस्वीकृत किया जाता भले ही उन्हें समय के अंदर क्यों न सूचित किया गया हो।

III.2.3 सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों अथवा मोटर अन्य पक्ष बीमे के दावेदारों की सहायता करने की दृष्टि से मोटर वाहनों कि बीमा स्थिति से संबंधित सुचना ब्यूरो के माध्यम से एक वेब आधारित सुविधा की व्यवस्था की है। यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को वाहन, बीमे की स्थिति और पॉलिसी जारी करने के कार्यालय के पते का ब्यौरा उपलब्ध कराती है।

III.2.4 जीवन बीमा पॉलिसियों के संबंध में सेवा प्रदान करने में बीमा एजेंटों के निर्गम के कारण उतपन्न अंतराल को ध्यान में रखते हुए एवं बीमा पॉलिसियों की निरंतरता को बढ़ावा देने के लिए भी प्राधिकरण ने यह निर्धारित किया है कि बीमा कंपनियां व्यपगत असहाय जीवन बीमा पॉलिसियां उन वैयक्तिक बीमा एजेंटों को आवंटित करें जिनका लाइसेंस प्रचलन में हो। आवंटिती एजेंट का ब्यौरा बीमाकर्ता द्वारा संबंधित पॉलिसीधारक को सूचित किया जाएगा।

III.2.5 जहाँ एक ओर स्वास्थ्य बीमा में तेजी से वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर पॉलिसी की मुख्य शर्तों की परिवर्ती व्याख्याओं के संबंध में शिकायतें हैं। संभावित ग्राहक/पॉलिसीधारक की अनुशंसा का समाधान करने के लिए प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में सामान्य रूप से प्रयुक्त 46 शब्दों की परिभाषा, 11 गंभीर बीमारियों के नामों और उनकी व्याप्ति तथा क्षतिपूर्ति पॉलिसियों के अंतर्गत अपवर्जन योग्य व्ययों का मानकीकरण किया है। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा विनियम, 2013 अधिसूचित किये गये हैं जिनके अंतर्गत अन्य बातों के साथ–साथ स्वासयि पॉलिसियों के लिए 15 दिन की एक फ्री लुक अवधि, दावों पर निर्णय की सूचना देने के लिए अंतिम दस्तावेज के प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन की समय सीमा, वहनीयता से संबंधित उपबंध, मानक परिभाषाएं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष प्रावधान निर्धारित किये गये हैं।

III.3 मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों और एजेंटों के लिए आवश्यक योग्यताएं, आचार संहिता और व्यावहारिक प्रशिक्षण का निर्धारण

III.3.1 बीमा व्यवसाय में सभी मध्यवर्तियों के लिए अनुज्ञप्तिकरण और आचार संहिता को बीविविप्रा अधिनियम, 1999 के अंतर्गत अनाए गए विनियमों अर्थात् बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक (अनुज्ञप्तिकरण, व्यावसायिक अपेक्षाएं और आचार संहिता) विनियम, 2000, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमा एजेंटों का अनुज्ञप्तिकरण), 2000 तथा 2002, 2007 और 2013 में किये गये उसके परवर्ती संशोधनों एवं बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (निगमित एजेंटों का अनुज्ञप्तिकरण) विनियम, 2002 और 2010 में किये गये उसके संशोधन में स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट किया गया है।

III.3.2 प्राधिकरण ने दिनांक 3 जुलाई 2009 के परिपत्र सं. आईआरडीए/एजेंट्स/ओआरडी/17/जुलाई 2009 द्वारा निगमित बीमा कार्यपालकों तथा एजेंटों के प्रशिक्षण संस्थानों के संकाय की अर्हताओं के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। प्राधिकरण ने दिनांक 14 जुलाई 2005 के परिपत्र सं. 017/आईआरडीए/परिपत्र/सीए दिशानिर्देश/2005 के अनुसार निगमित एजेंटों के अनुज्ञप्तिकरण के संबंध में दिशानिर्देश भी जारी किये हैं।

III.3.3 विनियामक पर्यवेक्षण को आगे और सुदृढ़ बनाने के लिए प्राधिकरण के द्वारा निम्नलिखित विनियामक रूपरेखा निर्धारित की गई है :

1) निगमित एजेंटों के लिए निर्धारित विनियामक ढांचे का पालन न करने के लिए विनियामक उपबंध सम्मिलित करने हेतु बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (निगमित एजेंटों का अनुज्ञप्तिकरण) विनियम, 2002 में आगे और संशोधन करने के लिए विनियम अर्थात् बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (निगमित एजेंटों का अनुज्ञप्तिकरण) (संशोधन) विनियम, 2010.

2) बीमाकर्ताओं और रेफरल कंपनियों के बीच तालमेल को सरल बनाने के लिए बीविविप्रा (बीमा उत्पादों के वितरण के लिए डेटाबेस का आदान–प्रदान) विनियम, 2010. इसमें रेफरल संस्थाओं को देय पारिश्रमिक की उच्चतम सीमाएं तय की गई हैं तथा वह रूपरेखा भी निर्धारित की गई है जिसके अंतर्गत रेफरल संस्थाओं और बीमाकर्ताओं को बीमा व्यवसाय का संचालन करना होगा।

3) एक बीमाकर्ता से अन्य बीमाकर्ता के पास निगमित एजेंटों के अंतरण हेतु क्रियाविधि को कारगर बनाने के लिए दिनांक 7 जून 2010 का परिपत्र सं. आईआरडीए/सीएजीटीएस/सीआईआर/एलसीई/092/06/2010 और दिनांक 25.07.2013 का परिपत्र सं. आईआरडीए/सीएजीटीएस/सीआईआर/142/07/2013 उपर्युक्त परिपत्र के अनुसार प्राधिकरण ने एक वर्ष से कम सेवा रखने वाले एजेंटों को अन्य बीमाकर्ता के पास स्थानांतरण की मांग करने से बाधित किया है। इसके अलावा, प्राधिकरण ने अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के निर्गम हेतु बीमाकर्ता के नामित व्यक्तियों के लिए समय सीमा भी अनिवार्य कर दी है जिसका पालन न करने पर एनओसी के लिए अनुरोध करने की तारीख से एक महीना व्यतीत होने पर यह मान लिया जाएगा कि एजेंट को एनओसी जारी कर दिया गया है।

4) बीमाकर्ता द्वारा निगमित एजेंटों के निरीक्षण के संबंध में परिपत्र सं. आईआरडीए/सीएजीटीएस/सीआईआर/एलसीई/093/2010.

5) दिनांक 03.06.2010 और 29.07.2013 के परिपत्रों द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन एजेंट प्रशिक्षण संस्थानों की नई/नवीकृत मान्यता के लिए लागू मानक अनुदेश और दिशानिर्देश जारी किये।

6) बीमा एजेंटों के लिए भर्ती पूर्व परीक्षा में उपस्थित होने वाले परीक्षार्थियों से प्रभारित किये जाने वाले परीक्षा शुल्क की सिफारिश करने और उपर्युक्त भर्ती–पूर्व परीक्षा का संचालन करने के लिए आईआईआई और एनएसई–आईटी के बीच वित्तीय व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए एक समिति का गठन करने वाला आदेश सं. आईआरडीए/एजीटीएस/ओआरडी/टीआरएनजी/109/07/2011.

7) जारी परिपत्र आईआरडीए/सिएजीटीएस/जीटीएल/एलसीई/06/2010/106 कॉरपोरेट एजेंसी लाइसेंस जारी करने ध नवीकरण के लिए प्रक्रिया नीचे

बिछाने 2010/06/28 दिनांकित। प्राधिकरण / देने कॉरपोरेट एजेंसी लाइसेंस का नवीकरण से पहले अपनी पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनियों के कॉर्पोरेट नामित व्यक्तियों अनिवार्य कर दिया है ऊपर परिपत्र सं।

8) प्राधिकरण के डेटाबेस से 4261 निगमित एजेंसी लाइसेंसी को वापस लेते हुए 8 जून 2010 का एक अधिसूचना जारी किया क्योंकि 31 मार्च 2010 को वे व्यपगत स्थिति में थे।

9) उन समूहों से संबंधित व्यक्तियों, जो निगमित एजेंटों/दलालों के रूप में पहले से ही नियुक्त हैं, से निगमित एजेंसी लाइसेंस हेतु प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए दिनांक 2 मार्च 2010 के परिपत्र सं. आईआरडीए/सीएजीटीएस/सीआईआर/एलसीई/039/03/2010 द्वारा दिशानिर्देश जारी किये।

10) दिनांक 7 दिसम्बर 2011 के परिपत्र के अनुसार एजेंट प्रशिक्षण संस्थानों के अनुमोदन/नवीकरण के लिए मानक अनुदेश और दिशानिर्देश जारी किये जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि एजेंट प्रशिक्षण संस्थानों के कार्य में केवल गंभीर व्यावसायिक व्यक्ति ही प्रवेश करें।

11) एकीकृत स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को अपने उत्पादों के वितरण हेतु अन्य जीवन और/या गैर जीवन बीमा कंपनियों की सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति देते हुए दिनांक 18 फरवरी 2013 का परिपत्र सं. आईआरडीए/सीएजीटीएस/जीडीएल/028/02/2013 जारी किया।

12) कृषि बीमा कंपनी को अपने उत्पादों के वितरण हेतु अन्य जीवन और/या गैर जीवन बीमा कंपनियों की सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति देते हुए 11 सितम्बर 2013 का परिपत्र सं. आईआरडीए / डीआईएसटी / जीडीएल / एमआईएससी/183/09/2013 जारी किया।

13) एजेंसी वितरण विभाग ने निगमित एजेंसी लाइसेंसी के निर्गम/नवीकरण हेतु पूर्व–अनुमोदन प्रदान करने से संबद्ध प्रशासनिक प्रक्रियाओं को स्वचालित कर दिया है। यह स्वचालित प्रणाली 01.09.2013 से विद्यमान है। यह नई प्रणाली क्रियाविधि के सुचारू प्रवाह एवं कठोर समुचित सावधानी को सुनिश्चित करती है।

14) परिपत्र कोई तारीखरू आईआरडीए /एजीटी/ जीडीएल / सिआईआर/ 50 प्रतिशत के पहले बेंच मार्क से 35 प्रतिशत करने के लिए एजेंट के पूर्व भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करने का बेंच मार्क को कम करने 30.05.2013 दिनांकित /2013 108/05। ऊपर रियायत सीआईआई और बीमा एजेंसी के लिए बाजार में उपलब्ध उम्मीदवारों की दक्षताओं द्वारा विकसित आईसी–33 पुस्तक के मानक का औचित्य साबित करने के लिए दिया गया था।

15) एक वर्ष से अधिक समय के लिए व्यपगत स्थिति में रहने के कारण पोर्टल में अभिलिखित रूप में स्थित एजेंसी लाइसेंसी का नवीकरण करने के लिए बीमाकर्ताओं को अनुमति देते हुए दिनांक 03.04.2013 का परिपत्र सं. आईआरडीए/एजीटी/जीएलडी/सीआईआर/66/04/2013 जारी किया। यह अनुमति व्यपगत लाइसेंस रखने वाले एजेंटों को पुनः बीमा उद्योग में वापस आने का एक अवसर प्रदान करने के लिए दी गई।

16) गैरजीवन बीमा एजेंटों की भर्ती–पूर्व परीक्षा के लिए नए आईसी–34 पाठ्यक्रम को अधिसूचित करते हुए दिनांक 28.01.2014 का परिपत्र सं. आईआरडीए / एजीटीएस / एमआईएससी/सीआईआर/041/01/2014 जारी किया।

17) जीवन बीमा एजेंटों की भर्ती–पूर्व परीक्षा के लिए नए आईसी–33 पाठ्यक्रम को अधिसूचित करते हुए दिनांक 11.06.2014 का परिपत्र सं. आईआरडीए / एजीटीएस /सीआईआर/एलसीई/164/07/2014 जारी किया।

18) बीमा एजेंटों की नियुक्ति पर दिशानिर्देश, 2015 जिसे बलपूर्वक दिनांक 01.04.2015 से प्रभावी करते हुए अधिसूचना दिनांक 16.03.2015 के परिपत्र सं. आईआरडीए/एजीटीएस/सीआईआर/जीएलडी/046/03/2015 जारी की।

19) परिपत्र सं. आईआरडीए /एजीटीएस /सीआईआर / जीएलडी/ 081/04/2015 दिनांक 22.04.2015 के अनुसार आईसी–32 की नई पाठ्यक्रम सामग्री की शुरूआत की गई जिसे 01.07.2015 से प्रभावी किया। उम्मीदवार जो आईसी–32 में योग्य है वह स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी द्वारा एजेंट के रूप में नियुक्त किया जाएगा, अध्याय शुरूआत 01.07.2015 से प्रभावी।

दलाल के लिए ऑनलाइन परीक्षाएं :

III.3.4 बीमा दलाल की परीक्षाओं के संचालन को 16 जून 2014 से ऑनलाइन कर दिया गया है। एनएसईआईटी के सहयोग के साथ एनआईए, पुणे इन परीक्षाओं का संचालन देश भर में ऑनलाइन करता है। प्रशिक्षण की अनवार्य आवश्यकता को भी ऑनलाइन कर दिया गया है जिससे प्रशिक्षण की लागत में उल्लेखनीय कमी हुई है। यह जून 2015 से उपलब्ध है। वर्तमान में भारतीय बीमा संस्थान, मुम्बई में बीमा विपणन फर्म का बीमा ब्रोकरों के लिए प्रशिक्षण के साथ ही कर्मचारियों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बहुत जल्द ही बीमा दलालों के अनिवार्य नवीकरण प्रशिक्षण को भी ऑनलाइन करने पर विचार किया गया है। बीमा ब्रोकरों के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं के सुधार में प्राधिकरण के प्रयासों के साथ–साथ सभी हितधारकों से प्राप्त किया गया है और सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण के लिए नामांकन की संख्या में वृद्धि हुई है।

आईएमएफ के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण और परीक्षा

III.3.5 प्राधिकरण ने पूर्वक्षण आईएमएफ के लिए मुख्य अधिकारियों और बीमा बिक्री व्यक्तियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए भारतीय बीमा संस्थान, मुम्बई को स्वीकृति दी है। आईएमएफ का पाठ्यक्रम व्यवसाय आवश्यकताओं के आधार पर होता है। मॉड्यूल ऐसे डिजाइन किये जाते हैं ताकि उम्मीदवार कम्प्यूटर पर डिजिटल प्रशिक्षण सामग्री डाउनलोड कर सकता है। प्रत्येक पाठ के अंत में, स्व–मूल्यांकन परीक्षण उपलब्ध हैं और उनको उम्मीदवार को ही पूरा करना होता है। इसको पूरा करने के लिए एक घंटा प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के घंटों की अपेक्षित संख्या पूरी होने के बाद, उम्मीदवार की पात्रता के अनुसार, प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया जाता है जिससे एनआईए, पुणे को ऑनलाइन परीक्षा के लिए उम्मीदवार सक्षम बनाता है।

III.3.6 आईएमएफ ऑनलाइन परीक्षा एनएसई–आईटी के सहयोग से राष्ट्रीय बीमा अकादमी, पुणे में 5 जगह होती है। मुख्य अधिकारी के लिए उत्तीर्ण होने की प्रतिशतता 50 प्रतिशत है जबकि आईएसपी के लिए 35 प्रतिशत है।

III.4 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के लिए विनियामक रूपरेखा विनिर्दिष्ट करना

III.4.1 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के कर्तव्य और दायित्व बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक (अनुज्ञप्तिकरण, व्यावसायिक अपेक्षाएं और आचार संहित) विनियामक, 2000 के अध्याय IV में विनिर्दिष्ट किये गये हैं। विनियम 13 अन्य बातों के साथ–साथ यह कहता है कि :

- सर्वेक्षक और हानि निर्धारक का प्रमुख कर्तव्य और दायित्व किसी भी आकस्मिकता से उत्पन्न होने वाली हानियों के संबंध में जांच पड़ताल करना, प्रबंध करना, परिमाणन करना, प्रमाणीकरण करना और कार्रवाई करना तथा उस पर रिपोर्ट करना होगा।

- सभी लाइसें प्राप्त सर्वेक्षक और हानि निर्धारक इन विनियमों में परिकल्पित, आचार संहित का कड़ाई से पालन करते हुए सक्षमता, वस्तुनिष्ठता और व्यावसायिक सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

  उनके व्यावसायिक कार्य के संचालन के लिए व्यावसायिक और नैतिक अपेक्षाओं के संबंध में आचार संहिता उक्त विनियमों के अध्याय VI में विनिर्दिष्ट की गई है। विनियम 15 में उक्त संहिता का विस्तार पूर्वक वर्णन है जो यह निर्धारित करती है कि सर्वेक्षक और हानि निर्धारक :

- व्यावसायिक कार्यों में नैतिकतापूर्वक और सत्यनिष्ठा के साथ व्यवहार करेगा;

- व्यावसायिक और कारोबारी निर्णय में वस्तुनिष्ठता के लिए प्रयास करेगा;

- बीमाकर्ता द्वारा जारी की गई पॉलिसी के अंतर्गत पॉलिसीधारक के दावे के संबंध में उस बीमाकर्ता से प्राप्त अनुदेशों पर कार्य करते समय निष्पक्षता के साथ कार्य करेगा; तथा

- अपना कार्य करने के दौरान अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों के साथ शिष्टता और सुविचारता पूर्वक आचरण करेगा आदि।

उक्त आचार संहिता में यह भी कहा गया है कि सर्वेक्षक ऐसा कोई भी कार्य स्वीकार अथवा निष्पादित नहीं करेगा जिसे करने

के लिए वह सक्षम न हो, जब तक कि उक्त कार्य करने के लिए उसे समर्थ बनाने वाला कुछ परामर्श और सहायता उसे प्राप्त न हो और अपना व्यावसायिक कार्य समुचित सावधानी, चिंता और कुशलता के साथ तथा तकनीकी और व्यावसायिक अनुभव का उचित ध्यान रखते हुए करेगा।

III.4.2 इसके अलावा, पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण के लिए प्राधिकरण ने बीविविप्रा (पॉलिसीधारकों का हित संरक्षण) विनियम, 2002 बनाये हैं। उक्त विनियमों के विनियम 9 के अंतर्गत सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों द्वारा गैर जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में दावों का निपटारा करते समय आचार संहिता का पालन करने पर और अधिक जोर दिया गया है।

वर्ष 2014–15 के दौरान, प्राधिकरण ने निम्नलिखित परिपत्रों/आदेशों को जारी किया :

- बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक की भारतीय संस्थान (आईआईआईएसएलए) की परिषद चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति पर दिनांक 11 अगस्त 2014 को आदेश सं. आईआरडीए / एसयूआर / एमआईएससी /ओआरडी/189/2014 जारी किया। इस आदेश के अनुसार श्री के.वी. कृष्णन, साधारण बीमा परिषद को आईआईआईएसएलए के पूर्ण परिषद चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में नामित किया गया था।

- अनुज्ञप्तिकरण और नवीकरण के लिए ऑनलाइन प्रणाली के लिए सूचना सं. आईआरडीए / एसयूआर / एनटीसी / एमआईएससी/269/12/2014 को 23 जनवरी 2015 को जारी किया गया। इस सूचना के अनुसार सभी सर्वेक्षकों को आईआईआईएसएलए सदस्यता के विवरणों के साथ–साथ लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन की सूचना देना था। इसके अनुसार, सर्वेक्षक विभाग नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय का सम्पर्क विवरण दिया जाना और सूचना के लिए उचित शुल्क को भी प्रकाशित किया गया था।

- हितधारकों की टिप्पणी/सुझावों के लिए सर्वेक्षक और हानि निर्धारक विनियम 2015 का एक्सपोजर ड्राफ्ट दिनांक 7 अप्रैल 2015 किया। फलस्वरूप मौजूदा बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक विनियम में महत्वपूर्ण बदलाव कर बीमा अधिनियम 1938 के बीमा कानून संशोधित अधिनियम 2015 की धारा 64 यूएम को संशोधित कर प्रकाशन किया गया था। तदनुसार, सर्वेक्षक विनियम में संशोधन किए गए थे और हितधारकों और सार्वजनिक से टिप्पणियों और सुझावों के लिए वेबसाइट पर रखा गया था।

- आईआईआईएसएलए की सदस्यता के साथ सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों (व्यक्तिगत और निगमित) को वेबलिस्ट पर दिनांक 10 अप्रैल 2015 को आदेश सं. आईआरडीए / एसयूआर/आरईजी/ ओआरडी / 071 / 04/2015 जारी किया गया था। सर्वेक्षक और बीमा कंपनियों के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई, आईआईआईएसएलए सदस्यता के साथ व्यक्तिगत और निगमित सर्वेक्षक और हानि निर्धारकों के विवरण और पात्र विभागों को वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया और ''##' चिन्ह से टिक किया गया। सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों को सर्वे कार्य आवंटन के प्रयोजनों के लिए अंडरराइटर्स/बीमा कंपनियों को लाइसेंस के साथ–साथ अपने आईआईआईएसएलए सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए भी सलाह दी गई थी।

III.5 बीमा व्यवसाय के संचालन में कार्य कुशलता का संवर्धन

बीमा संग्राहक प्रणाली

III.5.1 बीमा पॉलिसियों के अभौतिकिकरण के लिए बीमा संग्राहक प्रणाली, प्राधिकरण की एक शुरूआत है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, प्राधिकरण ने अप्रैल 2011 में बीमा संग्राहकों पर और बीमा पॉलिसियों को इलेक्ट्रॉनिक जारी करने के लिए दिशानिर्देशों को जारी किया है। प्राधिकरण ने बीमा संग्राहक के रूप में कार्य करने के लिए पांच संस्थाओं को पंजीकरण का प्रमाण पत्र देकर अधिकार दिया है।

III.5.2 प्राधिकरण ने मौजूदा प्रणाली को बढ़ाने और बाजार की प्रवृत्ति को समझने के लिए ''बीमा संग्राहक प्रणाली की मार्गदर्शी प्रमोचन पर दिशानिर्देश'' जारी किए हैं। इस पहल पर प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक थी और लगभग 1.8 लाख ईआईए (इलेक्ट्रॉनिक बीमा लेखा) खोले गए हैं। इसके अलावा, लगभग 50000 पॉलिसीधारकों ने अपनी हार्ड कॉपी को इलेट्रॉनिक रूप में परिवर्तित कराने के लिए रूचि दिखाई।

III.5.3 ''बीमा संग्राहक और बीमा पॉलिसियों के इलेक्ट्रॉनिक जारी करने पर संशोधित दिशानिर्देश'' को प्राधिकरण ने मई

तालिका III.1 प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत बीमा संग्राहक
(31 मार्च 2015 के अनुसार)

क्र.सं.	नाम
1	राष्ट्रीय बीमा पॉलिसी संग्राहक, एनएसडीएल डाटाबेस मेनेजमेंट लिमिटेड
2	केन्द्रीय बीमा संग्राहक लिमिटेड
3	सीएएमएस संग्राहक सर्विसेस लिमिटेड, चैन्नई
4	एसएचसीआईएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, नवी मुम्बई
5	कार्वी बीमा संग्राहक लिमिटेड, हैदराबाद

2015 में जारी किया। वर्तमान में कुल 7,41,481 इलेक्ट्रॉनिक बीमा खाते हैं और 3,38,065 पॉलिसियों को इलेक्ट्रॉनिक रुप में परिवर्तित किया गया है।

स्वीकृत बीमा संग्राहकों की सूची (तालिका **III.1**) में दी गई है।

इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रशासन और निपटान प्रणाली

III.5.4 इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन प्रशासन और निपटान प्रणाली (ईटीएएसएस) एक क्लियरिंग हाउस प्रणाली है, जो सहबीमा और पुनर्बीमा लेनदेन से संबंधित दस्तावेज और लेखा विवरणों की साझेदारी की सुविधा तथा अंतर–इकाई की शंष राशि का आसान सुलह सहायता करने के लिए बनाया गया है।

III.5.5 इस प्रणाली से उत्पादों को, सहबीमा और पुनर्बीमा लेनदेन के संचालन में तेजी से निपटान, अधिक से अधिक अनुशासन और दक्षता भी हासिल किया जाएगा। प्राधिकरण ने ईटीएएसएस के विकास और लागू करने की जिम्मेदारी सामान्य बीमा परिषद (जीआई) को सौंपी है।

III.5.6 चूंकि विकास के क्षेत्र में बहुत बड़ा और समय नष्ट करना है, सहबीमा का मुख्य बिन्दु लेनदेन है जिसमें भारतीय बीमा कंपनियां प्राथमिकता के आधार पर शामिल हैं और अंतर–कंपनी की शेष राशि के लिए पुनर्बीमा लेनदेन पर काफी योगदान किया जाता है। इसके अलावा, सहबीमा के क्षेत्र में, 'आग' लाइन ऑफ बिजनिस (एलओबी) जिसका प्रारंभिक चरण के दौरान विकास और कार्यान्वयन के लिए सहबीमा लेनदेन के लिए बहुत बड़ा योगदान है।

ईटीएएसएस प्रणाली के विकास, परीक्षण और कार्यान्वयन के दौरान साधारण बीमा परिषद ने गैर–जीवन बीमा कंपनियों को शामिल किया है। इसके पहले चरण में, ईटीएएसएस को 'आग' सहबीमा लेनदेन को समर्थन के लिए बनाया गया और औपचारिक रूप से 27 अप्रैल 2015 को शुरू किया गया था। ईटीएएसएस के सुचारू संचालन के लिए और इसके निरंतर विकास और संरक्षण के लिए प्राधिकरण ने 11 मई 2015 को 'ईटीएएसएस प्रशासन के लिए दिशानिर्देश' जारी किए। जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआई) ने 'प्रशासक' बनाया है जिसे सहबीमा व्यवसाय की अन्य लाइनों और बाद में पुनर्बीमा की आवश्यकताओं के सहयोग के लिए इस प्रणाली का विस्तार करने के लिए ईटीएएसएस को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

साधारण बीमा परिषद ने जल्द ही विस्तृत परियोजना लाने की उम्मीद की है। प्रणाली लागू होने से, ईटीएएसएस निपटान करने में सहयागी होगी तथा बीमा कंपनियों, पुनर्बीमा और बिचौलियों के बीच लेनदेन करने में सहयोगी होगी।

डेटा मानक

III.5.7 प्राधिकरण ने बीमा क्षेत्र में कई संस्थाओं के आईटी सिस्टम के आसान इंटरफेसिंग की सुविधा के लिए डेटा मानकों के संकलन का कार्य शुरू कर दिया था। डेटा मानकों को जानकारी के आदान–प्रदान के लिए आम परिभाषा के बारे में लाया जा रहा है। यह संगठन के अंदर और बाहर दोनों तरफ कई प्रणालियों को इंटरफेस को असान करने में मदद करता है।

III.5.8 बीमा संग्राहक प्रणाली का समर्थन करने के क्रम में, क्षेत्र परिभाषाओं, क्षेत्र गुण और संदेश की सामग्री को मानक एक्सटेंसिंबल मार्कअप लैंग्वेज (एक्सएमएल) स्कीमा बनाया जा रहा है, पूर्व में जीवन खंड के लिए कार्यरत खिलाड़ियों के लिए डेटा के आदान–प्रदान के लिए साझा किया गया था। इसी प्रकार, स्कीमा को व्यवसाय की स्वास्थ्य और मोटर लाइन की आवश्यकताओं को सहायक करने के लिए अंतिम रूप दिया गया है। ये स्कीमा बीमा संग्राहक प्रणाली में गैर–जीवन लेने–देनों की व्यक्तिगत लाइनों के लिए सहायता करेगा। स्कीमा को जल्द ही गैर–जीवन व्यवसाय की अन्य लाइनों के लिए सहायता करने के लिए तैयार किया जाएगा ताकि आईआर प्रणाली पर गैर–जीवन बीमाकर्ताओं को ऑन–बोर्डिंग पूरी तरह सक्षम किया जा सके।

III.5.9 अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र

देश में वित्तीय सेवओं के उत्पादन से ज्यादा से ज्यादा रोजगार उत्पन्न करना और वित्तीय वैश्वीकरण में अवसर उत्पन्न करने के उद्देश्य से भारत सरकार के साथ गुजरात में जीआईएफटी सिटी, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र (आईएफएससी) गठित की है। आईएफएससी के उद्देश्यों में से एक यह भी है कि एक ऐसा वातावरण प्रदान करना जो नीति में नए विचारों के साथ नियंत्रित प्रयोगों का स्थान ले सके।

इसकी शुरूआती रूप में, भारत सरकार ने प्राधिकरण के नियामक को ध्यान में रखते हुए पुनर्बीमा की पहचान की थी। इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र दिशानिर्देश, 2015 जारी किया था जो भारत में पुनर्बीमा व्यवसाय के पंजीकरण और संचालन के लिए नियामक ढांचा सक्षम करने के लिए प्रदान करता है।

प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, दोनों भारतीय पंजीकृत बीमा कंपनियों/पुनर्बीमा कंपनियों के साथ ही बीमा कंपनियों/पुनर्बीमा को आईएफएससी बीमा कार्यालय (आईआईओ) की स्थापना करके विदेशी लेनदेन करने के लिए और घरेलू पुनर्बीमा व्यापार करने के लिए प्राधिकरण के साथ पंजीकरण करने के लिए सक्षम होगा।

आइआईओ पंजीकरण के लिए आवेदन करने के पात्र होने के लिए विदेश पंजीकृत बीमा कंपनियों/पुनर्बीमा कंपनियों को अन्य मानदंडों के अलावा ₹ 10 करोड़ की सौंपी जाने वाली पूंजी का प्रदर्शन करना होगा और ₹ 5000 करोड़ की न्यूनतम निवल धनराशि के स्वामित्व वाले सक्षम होंगे।

भारत सरकार आईएफएससी में सक्रिय संस्थाओं के लिए अनेक प्रकार की छूट देती है। आईएफएससी इस प्रकार देश में ''पुनर्बीमा हब'' के निर्माण के लिए आवश्यक मंच प्रदान करेगा जहां घरेलू के साथा विदेशी पुनर्बीमा व्यापार लेनदेन किया जा सकता है।

III.6 बीमा और पुनर्बीमा व्यवसाय के साथ सम्बद्ध व्यावसायिक संगठनों का संवर्धन और विनियमन

III.6.1 जीवन बीमा परिषद और साधारण बीमा परिषद जो बीमा अधिनियम, 1938 के अधीन गठित सांविधिक निकाय है, क्रमशः जीवन बीमा कंपनियों और गैरजीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये परिषदें चर्चाओं, विभिन्न प्राधिकरणों के समक्ष प्रतिनिधित्व, बीमा संबंधी जागरूकता बढ़ाने, वर्तमान/प्रस्तावित विनियामक शर्तों संबंधी निविष्टियां उपलब्ध कराने के द्वारा उद्योग की सुचारू रूप से वृद्धि की दिशा में योगदान करती हैं। इन स्व–विनियामक निकायों का विकास महत्वपूर्ण क्षेत्रों के संबंध में उनके विचार प्रस्तुत करने के द्वारा उद्योग के लिए अच्छा संकेत देता है।

इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस प्रदान किए गए दलालों से यह आवश्यक रूप से अपेक्षित है कि वे भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई) के सदस्य हों।

III.6.2 भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) प्राधिकरण द्वारा प्रवर्तित और स्थापित एक संस्थान है तथा यह कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन निगमित है। सर्वेक्षक का लाइसेंस प्रदान करने के लिए इस संस्थान की सदस्यता अनिवार्य है। यह संस्थान एक स्व–विनियामक निकाय के रूप में कार्य करता है।

स्वास्थ्य बीमा फोरम

III.6.3 स्वास्थ्य बीमा फोरम जिसे मूल रूप से स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के विभिन्न हितधारकों से प्रतिनिधित्व करके 2 फरवरी 2012 को गठित किया गया था, इसे वित्तीय सेवा विभाग,

एमओएफ, जीओआई, अध्यक्ष इंडियन मेडीकल एसोसिएशन, महासचिव साधारण बीमा परिषद, अपोलो हॉस्पीटल हैदराबाद और भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कॉम से सदस्यों ने दिसम्बर 2014 के दौरान पुनर्गठन किया था। इसमें नए सदस्य मिलकर फोरम की कुल सदस्यता 24 थी।

III.6.4 वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान, फोरम की अगस्त 2014 और फरवरी 2015 में दो बार बैठक हुई। मंच की अगस्त 2014 के महीने में आयोजित बैठक के दौरान, अन्य बातों के साथ स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और क्रोनिक केयर और बुजुर्गों की देखभाल के लिए बीमा संरचना का वर्गीकरण के मामलों पर विचार–विमर्श किया गया। 'गुणवत्ता स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने' पर सरकार में तालमेल तथा पुनरावृत्ति और लागत में कमी की सुविधा के लिए विचार किया जा रहा है। बुजुर्गों की देखभाल के लिए बीमा संरचना के संबंध में यह विचार किया गया था कि बढ़ती उम्र के दौरान देखभाल की लागत का बोझ प्रबंधनीय नहीं हो सकता है तथा यह सुझाव दिया गया था कि स्वास्थ्य देखभाल की ओपीडी लागत के लए प्रदाताओं को एक प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए।

फरवरी 2015 में आयोजित बैठक के दौरान मंच ने अन्य बातों के साथ एफआईसीसीआई की अवधारणा 'नेटवर्क अस्पतालों का वर्गीकरण', सीआईआई की अवधारणा 'दावे और चिकित्सा मुद्रास्फीति पर विचार–विमर्श किया। मंच ने कुछ तथ्यों जैसे प्रौद्योगिकीय परिवर्तन और संबंधित मूल्य वृद्धि, चिकितसा सेवाओं की उम्र पर निर्भर खपत आदि की पहचान करने के लिए आवश्यकता पर भी विचार–विमर्श किया। मंच के सदस्यों ने इस मामले पर आगे चर्चा करने के लिए फैसला किया।

मंच का सभी लोगों के लिए सस्ती स्वास्थ्य बीमा कवरेज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए विभिन्न हितधारकों के अनुरूप इस क्षेत्र पर आगे कार्य कर लक्ष्य है।

III.6.5 बीमा उद्योग के लिए एक सतत आधार पर प्रतिभा पूल की उपलब्धता के लिए की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से प्राधिकरण प्रशिक्षण और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों प्रदान करने के लिए वर्ष 2002 में एक पेशेवर संस्थान, बीमा और जोखिम प्रबंधन (आई आई आर एम) के संस्थान की स्थापना बीमा और संबंधित विषयों। प्राधिकरण अपने प्रयासों में संस्थान का समर्थन करने के लिए जारी है।

III.6.6 प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों के कुशल संचालन के लिए और भी पॉलिसीधारकों के हित में, विश्वसनीय समय पर और सही तारीख है की आवश्यकता को स्वीकार किया है। विभिन्न हितधारक के लाभ के लिए उपलब्ध अनुवाद स्तर डेटा और प्रचार–प्रसार के लिए यह उपलब्ध लेन–देन के स्तर डेटा की प्रक्रिया और प्रक्रिया को, अधिकार प्राप्त करने के लिए एक सलाहकार बोर्ड का रूप है, प्रक्रिया और प्रचार–प्रसार में 2009 में बीमा की जानकारी ब्यूरो (आईआईबी) गठित बीमा उद्योग से संबंधित लेन–देन के स्तर का डेटा। 2012–13 में ब्यूरो यह एक अलग कानूनी इकाई बनाने के लिए एक समाज के रूप में पंजीकृत किया गया था।

III.6.7 प्राधिकरण ने भारत, रजिस्ट्री के लिए एक वैधानिक और पेशेवर शरीर की रजिस्ट्री के संस्थान की परिषद में वैधानिक प्रतिनिधित्व किया है। 1944 में स्थापित भारत के तत्कालीन एक्चुरियल सोसायटी 2006 में भंग कर दिया गया और भारत की रजिस्ट्री (आईएआई) के संस्थान भारत में रजिस्ट्री के पेशे के नियमन के लिए रजिस्ट्री अधिनियम, 2006 के तहत एक सांविधिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था। परिषद संस्थान के मामलों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है।

III.7 अधिनियम के प्रयोजनों को पूरा करने के लिए शुल्क और अन्य प्रभार

III.7.1 बीमाकर्ताओं और बिचौलियों के लिए शुल्क संरचना संलग्नक–2 में दर्शाई गई है।

III.8 बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों तथा बीमा व्यवसाय के साथ सम्बद्ध अन्य संस्थाओं से सूचना मांगना, उनका निरीक्षण करना, जांच संचालित करना तथा लेखा परीक्षा सहित अन्वेषण करना

III.8.1 प्राधिकरण, विनियमित संस्थाओं द्वारा निर्धारित कानूनों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के पालन के संबंध में अपना प्रत्यक्ष (ऑन–साइट) पर्यवेक्षण निरीक्षण विभाग के माध्यम से संचालित करता है। इस प्रकार निरीक्षणों का लक्ष्य उनके लाभार्थियों सहित वर्तमान और भावी पॉलिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने का प्राधिकरण का लक्ष्य पूरा करना है।

III.8.2 आईआरडीए अधिनियम, 1999 बीमा कंपनियों, बिचौलियों, बीमा बिचौलियों और बीमा व्यवसाय से जुड़े अन्य संस्थाओं की जांच सहित प्रत्यक्ष निरीक्षण संचालित करने के लिए वैधानिक प्रावधान किए गए हैं। पर्यवेक्षी निरीक्षण कम से कम दो हिस्सों अर्थात परोक्ष निगरानी और प्रत्यक्ष निरीक्षण से युक्त दृष्टिकोण शामिल है। निरीक्षण के लिए नीतिगत दृष्टिकोण के आधार पर, बीमा संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रकार की वित्तीय और सांख्यिकीय सूचना के परोक्ष विश्लेषण के परिणाम तथा प्राधिकरण में अन्य कार्यात्मक विभागों से संग्रहीत सूचना के आधार पर विनियमित संस्थाओं का उनके सीान पर व्यापक संकेद्रत निरीक्षण संबंधित अभिलेखों, लेखा–बहियों और व्यावसायिक गतिविधियों की जांच–पड़ताल द्वारा उनके कार्य–संचालन का निर्धारण करने के लिए किया जाता है। आकार, कारोबार के मिश्रण का स्वरूप, विभिन्न आंतरिक प्रक्रियाओं की जटिलता, वितरण प्रणाली, प्रवर्तकों/निदेशकों की जोखिम–वहन क्षमता, व्यवसाय की आयोजना, जोखिम प्रबंध और कंपनी अभिशासन का ढांचा तथा जोखिम की समग्र रूपरेखा जैसे मनदंडों के आधार पर निरीक्षण की गई संस्था के विशेष लक्षणों के मूल्यांकन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरीक्षण संबंधी मानक मार्गदर्शक लेख उपयुक्त रूप से व्यवहार में लाए जाते हैं।

III.8.3 2014–15 के दौरान, निरीक्षण विभाग ने 66 निरीक्षणों का आयोजन किया जिनमें से 18 बीमा कंपनियों (5 जीवन बीमा कंपनियों और 13 गैर–जीवन बीमा कंपनियों), 27 दलाल, 6 टीपीए, 9 कॉर्पोरेट एजेंट थे, 2 वेब एग्रीगेटर और 4 इकाई बिना लाइसेंस थे। 5 जीवन बीमा कंपनियों में से 2 के व्यापक निरीक्षण किए गए थे और शेष 3 निरीक्षण संकेंद्रित किये गये थे। इसी तरह, 13 निरीक्षण गैर–जीवन कंपनियों के किए, 4 का व्यापक निरीक्षण किया था और 9 निरीक्षण संकेंद्रित किए। गैर–जीवन बीमा कंपनियों के निरीक्षण के तहत 3 स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के व्यापक निरीक्षण किया जिसमें से एक कंपनी का व्यापक निरीक्षण और दो कंपनियों के निरीक्षण संकेंद्रित किए गए थे। लक्षित/संकेंद्रित निरीक्षणों में कुछ का संकेंन्द्रित क्षेत्रों में बीमा कंपनियों की शिकायत निवारण तंत्र, बिचौलियों और अन्य संबंधित संस्थाओं के विशिष्ट वर्ग के लिए भुगतान, बाहरी संस्थाओं/पॉलिसीधारकों से प्राधिकरण द्वारा प्राप्त विशिष्ट शिकायतें आदि शामिल हैं। थीम आधारित निरीक्षण भी आयोजित किए गए थे उदाहण के लिए – पुनर्बीमा दलाल, वाहन व्यवसायियों और बैंकों की समूह कंपनियां आदि।

III.8.4 निरीक्षण के निष्कर्षों के शीघ्र निपटान को सुसाध्य बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा फरवरी 2014 में अनुपालन खंड बनाया गया। यह विंग प्रवर्तन विभाग के लिए परिवर्तित हो गया और जनवरी 2015 में प्राधिकरण में प्रवर्तन विभाग की स्थापना की गई थी। बीमा संशोधन अधिनियम, 2015 में परिकल्पित अधिनिर्णय कार्यवाही जैसे कार्यों को करने के लिए प्रवर्तन विभाग की आवश्यकता की गई। इसके बाद, प्राधिकरण का प्रवर्तन विभाग निरीक्षण के निष्कर्षों के निपटान का कार्य करने के लिए, उन्हें लागू अधिनियम और विनियमों के विभिन्न प्रावधानों के विनियमित संस्थाओं द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करता है और किसी भी अन्य प्रवर्तन कार्यों के लिए जब जहां आवश्यकता होगी।

III.8.5 निरीक्षण के विभिन्न निष्कर्षों पर विनियामक कार्यवाही का निर्णय केवल निरीक्षित संस्था को अपने विचार/निवेदन प्रस्तुत करने के लिए एक अवसर देने के बाद ही लिया जाता है। सभी मामलों में निरीक्षण रिपोर्टों के संबंध में उनका तर्कपूर्ण निष्कर्ष लेने के लिए निर्धारित क्रियाविधि का अनुसरण किया जाता है।

III.9 बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 64यू के अधीन प्रशुल्क सलाहकार समिति द्वारा नियंत्रित और विनियमित न किये जाने वाले साधारण बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित की जाने वाली दरों, लाभों, नियमों और शर्तों का नियंत्रण और विनियमन

III.9.1 मोटर अन्य पक्ष की बीमा–रक्षा को छोड़कर प्रशुल्क व्यवसाय के सभी वर्गों के लिए 1 जनवरी 2007 से गैरजीवन उद्योग द्वारा प्रशुल्क से मुक्त हो जाने (डी–टैरिफिंग) के साथ हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सर्वप्रथम कदम उठाये गये कि बीमा कंपनियों को उत्पादों के कीमत–निर्ध्धरण में स्वतंत्रता हो। मोटर अन्य पक्ष बीमा–रक्षा के लिए, जो मोटर यान अधिनियम, 1988 के उपबंधों के अधीन अपेक्षित एक सांविधिक बीमा रक्षा है, दरों, नियमों और शर्तों को निर्धारित करने के लिए शक्तियां प्राधिकरण ने अपने पास रखी हैं। प्राधिकरण ने दिनांक 15 अप्रैल 2011 के आदेश सं. आईआरडीए / एनएल / एनटीएफएन / एमओटीपी /066/04/2011 द्वारा यह अधिसूचित किया कि दर संशोधन के बीच लंबे अंतरालों के कारण पॉलिसीधारकों एवं बीमा कंपनियों पर परिहार्य दबाव आ जाता है तथा इसलिए उक्त दरों की समीक्षा और समायोजन प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित फार्मूले के अनुरूप वार्षिक तौर पर किया जाएगा। निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रीमियम दरों में संशोधन को लागत स्फीति सूचकांक, औसत दावा राशियों, बारंबारता और मोटर टीपी व्यवसाय संबंधी सेवा प्रदान करने में निहित व्ययों के साथ संबद्ध कर दिया गया। 2015–16 के तृतीय पक्ष मोटर बीमा कवर के लिए संशोधित प्रीमियम दरों को 31 मार्च 2015 को प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किया गया था।

III.10 वह रूप और विधि विनिर्दिष्ट करना जिसमें बीमाकर्ताओं और अन्य बीमा मध्यवर्तियों द्वारा लेखा–बहियां रखी जाएंगी और लेखा–विवरण प्रस्तुत किये जाएंगे

III.10.1 बीमाकर्ताओं की लंखा–बहियों और वित्तीय विवरणों का अनुरक्षण समय–समय पर यथासंशोधित बीविविप्रा (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लखा–परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 के अधीन तथा समय–समय पर किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित रूप में अन्य विधि द्वारा किया जाता है।

बिचौलियों के मामले में यह अपेक्षित है कि लेखा–बहियों और वित्तीय विवरणों का अनुरक्षण संबंधित विनियमों/परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में अन्य विधि द्वारा किया जाए।

जहां कहीं भी उस रूप और विधि के विषय में, जिसमें लेखा–बहियों का अनुरक्षण किया जाना चाहिए, प्राधिकरण ने कोई विशिष्ट अनुदेश निर्धारित नहीं किये हैं, हवां कंपनी अधिनियम और अन्य संबंधित अधिनियमों के उपबंध लागू हैं।

III.11 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों के निवेश का विनियमन

III.11.1 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों का निवेश समय–समय पर यथासंशोधित आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000, द्वारा और समय–समय पर जारी किए गए विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों द्वारा विनियंत्रित किया जाता है।

III.11.2 बाजार विकास की सुविधा :

वर्ष 2014–15 के दौरान, प्राधिकरण ने बाजार विकास के लिए निम्नलिखित चरणों का कार्य शुरू किया गया था :

1. बीमा कंपनियों को एक सीमा तक वित्तीय डेरिवेटिव में सौदा करने के लिए अनुमति दी तथा निश्चित आय डेरिवेटिव पर दिशानिर्देशों के अनुसार परिपत्र सं. आईएनवी/जीएलएन/008/2004–05 दिनांक 24/08/2004 के अनुसार थी। बदलते निवेश के माहौल, उत्पाद संरचना, अन्य नियामकों द्वारा दिशा–निर्देशों में परिवर्तन के साथ प्राधिकरण ने आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000 के विनियम 15 के तहत पूर्व दिशानिर्देशों को वापस लेने की आवश्यकता महसूस की और ताजा मुद्दों के दिशानिर्देशों को परिपत्र सं. आईआरडीए/ एफएंडआई / आईएनवी / सीआईआर /138/06/2014 दिनांकित 11 जून 2014 में लंबी अवधि के ब्याज दर डेरिवेटिव की जरूरत को संबोधित करने के लिए जारी किया।
2. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के शेयर बाजारों में समर्पित ऋण क्षेत्र उपलब्ध कराने के लिए दिशानिर्देशों के साथ, बीमा कंपनियों के लिए ऋण क्षेत्र में ट्रेडों से बाहर ले जाने के लिए शेयर बाजार को मंजूरी दे दी सेबी के एक मालिकाना व्यापार सदस्य बनने के लिए अनुमति दी गई।

III.11.3 2014–15 के दौरान वैकल्पिक निवेश साधनों को उपलब्ध कराना, प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों को निम्नलिखित वैकल्पिक निवेश की अनुमति दीः

1. बीमा कंपनियों के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा जारी किए गए ''तटवर्ती रूपया बॉन्ड'' में निवेश करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमति दी गई तथा आंतरिक वित्त निगम ने जीवन बीमा कंपनियों के लिए बीमा अधिनियम 1938 की धारा 27ए(1)(एस) और सामान्य बीमा कंपनियों के लिए 27बी(1)(जे) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके ''अनुमोदित निवेश) के रूप में संबंधित परिपत्र में शर्तों को उल्लेख किया।

2. इसके अलावा, बीमा कंपनियों के वित्तपोषण बुनियादी ढांचा और सस्ते आवास के लिए बैंकों द्वारा लम्बी अवधि बॉन्ड में निवेश की अनुमति के साथ–साथ ''बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र'' को अनिवार्य करते हुए जोखिम आवश्यकताओं की दिशा में अनुमति दी गई।

III.12 ऋण शोधन क्षमता सीमा बनाए रखने को विनियमित करना

III.12.1 प्रत्येक बीमा कंपनी को बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64वीए के अनुसार एक आवश्यक ऋण शोधन क्षमता का बनाए रखने की आवश्यकता होती है। प्रत्येक बीमा कंपनी को आईआरडीए द्वारा निर्धारित एक राशि से कम नहीं की देनदारियों की राशि से अधिक की संपत्ति के मूल्य का रखना होगा, जिसे एक आवश्यक ऋण शोधन क्षमता के रूप में जाना जाता है। आईआरडीए (बीमा कंपनियों की संपत्ति, देनदारियों और ऋण शोधन क्षमता) विनियम, 2000 में आवश्यक ऋण शोधन क्षमता की गणना की विधि को विस्तार से वर्णित किया गया है।

III.12.2 जीवन बीमा कंपनियों के मामले में, न्यूनतम आवश्यक ऋण शोधन क्षमता रुपये पचास करोड़ (पुनर्बीमाकर्ता के मामले में एक सौ करोड़ रुपये) है और प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट तरीके में पहुंचे। बीमा कानून (संशोधन) अधिनियम, 2015, ऋण शोधन क्षमता के स्तर को शोधन के नियंत्रण स्तर के रूप में निर्दिष्ट करता है, जिसके उल्लंघन पर, प्राधिकरण वित्तीय योजना प्रस्तुत करने के लिए बीमा कंपनी को निर्देशित करेगा कि योजना की कमी को दूर करने के लिए एक निर्धारित अवधि छह महीने से अधिक नहीं में कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करेगा।

III.12.3 गैर–जीवन बीमा के मामले में, प्राधिकरण ने अपेक्षित ऋण शोध क्षमता सीमा (आरएसएम) के परिकलन में परिवर्तन किये जो अधिकतम रूपये पचास करोड़ (पुनर्बीमाकर्ता के मामले में रूपये एक सौ करोड़) का होगा; अथवा संगणित आएसएम–1 और आरएसएम–2 से उच्चतर राशि का होगा। आरएसएम–1 अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा है जो निवल प्रीमियमों पर आधारित है तथा इसका निर्धारण उस राशि के बीस प्रतिशत के रूप में किया जाएगा जो एक घटक से गुणा किये गये सकल प्रीमियमों और निवल प्रीमियमों से उच्चतर है। आरएसएम–1 के परिकलन के प्रयोजन के लिए आवर्ती आधार पर पिछले 12 महीनों के प्रीमियम को हिसाब में लिया जाएगा। आरएसएम–2 निवल व्ययीकृत दावों पर आधारित अपेक्षित ऋण शोधन क्षमता सीमा है, तथा इसका निर्धारण उस राशि के तीस प्रतिशत के रूप में किया जाएगा जो एक घटक से गुणा किये गये सकल व्ययीकृत दावों और निवल व्ययीकृत दावों से उच्चतर है।

III.13 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों के बीच विवादों का न्याय निर्णयन

III.13.1 आईआरडीए (बीमा दलाल) विनियम, 2002 के विनियम 51(2) के अनुसार बीमा दलाल और बीमाकर्ता अथवा किसी अन्य व्यक्ति के बीच बीमा दलाल के रूप में उसकी नियुक्ति के दौरान अथवा अन्य प्रकार से उत्पन्न होने वाले कोई भी विवाद इस प्रकार प्रभावित व्यक्ति द्वारा प्राधिकरण के पास भेजे जाएं तथा उक्त शिकायत अथवा अभ्यावेदन के प्राप्त होने पर प्राधिकरण उक्त शिकायत की जांच पड़ताल कर सकता है और यदि आवश्यक पाया गया तो इन विनियमों के अनुसार जांच अथवा निरीक्षण अथवा अन्वेषण संचालित करने के लिए अग्रसर हो सकता है।

III.13.2 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने न्यायनिर्णयन के लिए ऐसा कोई भी अनुरोध प्राप्त नहीं किया है।

III.14 प्रशुल्क सलाहकार समिति (टीएसी) के कार्यचालन का पर्यवेक्षण

III.14.1 गैरजीवन बीमा व्यवसाय के संबंध में प्रशुल्क को 1 जनवरी 2007 से समाप्त करने के बाद गैर जीवन बीमा के क्षेत्र में

दरों, नियमों और शर्तों का नियंत्रण करने में प्रशुल्क सलाहकार समिति की विनियामक और प्रशासनिक भूमिका अस्तित्व में नहीं है। केन्द्र सरकार ने पांच साधारण बीमा कंपनियों के बीच प्रशुल्क सलाहकार समिति के वर्तमान कर्मचारियों के वितरण, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयताओं और अधिशेष सहित कर्मचारियों के पुनर्वितरण के लिए एक समिति का गठन किया था। केन्द्र सरकार के आदेश ने प्रशुल्क सलाहकार समिति के अवशिष्ट कार्यकलापों और अदालती मामलों का कार्य बीविविप्रा को सौंप दिया है।

III.14.2 बीमा अधिनियम की धाराओं 64यू, 64युए, 64यूबी, 64यूसी, 64यूडी, 64यूई, 64यूएफ, 64यूजी, 64यूएच, 64यू–आई, 64यूजे, 64यूके और 64यूएल, जिन्हें बीमा कानून (संशोधन) अधिनियम, 2015 के तहत हटाकर ''टैरिफ सलाहकार समिति और टैरिफ दरों के नियंत्रण'' के संबंधित प्रावधानों को स्थापित किया गया।

धारा यूएलए में सम्मिलित कर निम्न प्रकार पढ़ा जाए : 64यूएलए. (1) इस भाग में निति किसी बात के होते हुए भी, जब तक धारा 64यूसी के अधीन सलाहकार समिति के द्वारा निर्धारित दरों, लाभों और शर्तों को प्राधिकरण द्वारा ऐसी तारीख से जैसी कि प्राधिकरण सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा निर्धारित कर सकता है, रद्द नहीं करता तथा उक्त दतें, लाभ और शर्तें संबंधित बीमाकर्ता द्वारा तय की जाती हैं, सलाहकार समिति द्वारा अधिसूचित उक्त दरें, लाभ और शर्तें प्रचलन में जारी रहेंगी तथा सदैव प्रचलन में विद्यमान समझी जाएंगी एवं ऐसी कोई भी दरें, लाभ और शर्तें सभी बीमाकर्ताओं पर बाध्यकारी होंगी। (2) प्राधिकरण केन्द्र सरकार के साथ परामर्श करने के बाद प्रशुल्क सलाहकार समिति के वर्तमान कर्मचारियों के लिए उसका विघटन होने पर ऐसे कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसी शर्तों पर जो वह आदेश द्वारा निर्धारित कर सकता है, एक योजना तैयार करेगा।

III.15 पैरा '6' में उल्लिखित व्यावसायिक संगठनों के संवर्धन और विनियमन हेतु योजनाओं के आर्थिक प्रबंधन करने के लिए बीमाकर्ता की प्रीमियम आय का प्रतिशत विनिर्दिष्ट करना

III.15.1 प्राधिकरण ने पैरा (6) में उल्लिखित व्यावसायिक संगठनों के संवर्धन और विनियमन हेतु योजनाओं का आर्थिक प्रबंधन करने के लिए बीमाकर्ता की प्रीमियम आय का कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं किया है।

III.16 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में बीमाकर्ताओं द्वारा किये जाने वाले जीवन बीमा व्यवसाय और साधारण बीमा व्यवसाय का प्रतिशत विनिर्दिष्ट करना

III.16.1 आईआरडीए (ग्रामीण या सामाजिक क्षेत्र की ओर से बीमा कंपनियों के दायित्वों) विनियम, 2002 में निर्धारित दायित्व उन अपेक्षाओं को तय करते हैं जिनका पालन अपने परिचालनों के प्रथम पांच वर्षों के दौरान बीमाकर्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए। सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के मामले में ये दायित्व इन क्षेत्रों में वर्ष 2001–02 में उनके कार्यनिष्पादन के साथ संबंद्ध किये गये हैं। 2007–08 में अधिसूचित संशोधनों के साथ निजी बीमाकर्ताओं के दायित्व उनके परिचालनों के दसवें वर्ष तक निर्धारित किये गये हैं। इसके साथ–साथ, सरकारी क्षेत्र के बीमाकर्ताओं के दायित्वों का भी पुनरीक्षण किया गया है।

निजी बीमा कंपनियों के दायित्वों निम्नानुसार हैं :

III.16.2 ग्रामीण क्षेत्र

- जीवन बीमाकर्ता के संबंध में : पहले वित्तीय वर्ष में प्रत्यक्ष रूप से लिखित कुल पॉलिसियों के सात प्रतिशत थे, दसवें वित्तीय वर्ष में बीस प्रतिशत के।
- गैर–जीवन बीमाकर्ता के संबंध में : पहले वित्तीय वर्ष में प्रत्यक्ष रूप से लिखित कुल सकल प्रीमियम आय के दौ प्रतिशत थे, नौंवे वित्तीय वर्ष में सात प्रतिशत।

III.16.3 सामाजिक क्षेत्र

- सभी बीमाकर्ता के संबंध में : पहले वित्तीय वर्ष में पांच हजार जीवन से लेकर दसवें वित्तीय वर्ष में और उससे आगे पचपन हजार जीवन तक।

जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है, बीविविप्रा अधिनियम 1999 के प्रारंभ की तारीख की स्थिति के अनुसार विद्यमान बीमाकर्ताओं (चार गैर जीवन बीमाकर्ता और एलआईसी) के

संबंध में विनियमों में व्यवस्था की गई है कि ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में किये जाने वाले बीमा व्यवसाय की मात्रा 31 मार्च 2002 को समाप्त लेखा–वर्ष के लिए उनके द्वारा दर्ज की गई मात्रा से कम नहीं होगी।

प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित संशोधन विनियमों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2007–08 से वित्तीय वर्ष 2009–10 तक और अनुवर्ती वित्तीय वर्षों के लिए ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति इन बीमाकर्ताओं के दायित्व निम्नानुसार थे :

III.16.4 भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी)

(क) ग्रामीण क्षेत्र बाध्यताएं

- वित्तीय वर्ष 2007–08 : 24 प्रतिशत, और

  वित्तीय वर्ष 2008–09 और 2009–10 : उस वर्ष में प्रत्यक्ष लिखित कुल पॉलिसियों का 25 प्रतिशत।

- वर्ष 2009–10 के लिए लागू दायित्व उसके बाद के सभी वित्तीय वर्षों के लिए भी लागू हैं।

(ख) सामाजिक क्षेत्र बाध्यताएं

2007–08 से 2009–10 तक के वर्षों के लिए बीस लाख जीवनों को बीमा रक्षा दी जानी चाहिए।

वर्ष 2009–10 के लिए लागू दायित्व उसके बाद के सभी वित्तीय वर्षों के लिए भी लागू हैं।

III.16.5 गैर–जीवन बीमाकर्ता

(क) ग्रामीण क्षेत्र बाध्यताएं

- वित्तीय वर्ष 2007–08 : छह प्रतिशत।

- वित्तीय वर्ष 2008–09 और 2009–10 : उस वर्ष में प्रत्यक्ष रूप से लिखित कुल सकल प्रीमियम आय का सात प्रतिशत।

  वर्ष 2009–10 के लिए लागू दायित्व उसके बाद सभी वित्तीय वर्षों के लिए लागू हैं।

(ख) सामाजिक क्षेत्र बाध्यताएं

वित्तीय वर्ष 2007–08 के लिए :

- वित्तीय वर्ष 2002–03 से 2004–05 तक सामाजिक क्षेत्र में संबंधित बीमा कंपनियों द्वारा बीमा सुरक्षा प्रदत्त जीवनों की संख्या का औसत अथवा
- 5.50 लाख जो भी अधिक हो।

वित्तीय वर्ष 2007–08 में वास्तव में बीमा सुरक्षा प्रदत्त व्यक्तियों की संख्या की तुलना में वित्तीय वर्ष 2008–09 और 2009–10 में से प्रत्येक वर्ष में बीमाकर्ताओं के दायित्व में दस प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष 2009–10 के लिए लागू दायित्व उसके बाद के सभी वित्तीय वर्षों के लिए लागू हैं।

III.16. 6 इसके अतिरिक्त, सूक्ष्म बीमा को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र संबंधी दायित्वों को सूक्ष्म बीमा विनियमों के साथ पंक्तिबद्ध करने की दृष्टि से अनुपालन के तरीके को सूक्ष्म बीमा विनियमों के साथ संबद्ध किया गया है। साथ ही, ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करने में बीमा कंपनियों को समर्थ बनाने के लिए परिचालन स्थापित करने हेतु उन्हें समय प्रदान करने के प्रयोजन से विनियमों में संशोधन किये गये हैं। यह व्यवस्था की गई है कि उन मामलों में जहां बीमा कंपनी परिचालनों का प्रारंभ वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में करती है और संबंधित वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को छह महीने से कम अवधि के लिए परिचालनरत है :

- उक्त अवधि के लिए कोई भी ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र संबंधी दायित्व लागू नहीं होंगे, तथा

- विनियमों में निर्दिष्ट किये अनुसार वार्षिक दायित्वों की गणना अगले वित्तीय वर्ष से की जाएगी जो अनुपालन के प्रयोजन के लिए परिचालनों के पहले वर्ष के रूप में माना जाएगा।

उन परिस्थितियों में जहां बीमा कंपनी अपने परिचालन वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में प्रारंभ करती है, वहां पहले वर्ष के लिए लागू दायित्व इन विनियमों में विनिर्दिष्ट रूप में दायित्वों का 50 प्रतिशत होंगे।

भाग–IV
संगठनात्मक मामले

IV.1 संगठन

